दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सहेलियों का ना बिसरने वाला ...... प्यारे दोस्तों के लिए .........

वर्ष : 11 | अंक : 222 | लखनऊ, 30 जुलाई, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी का विपक्ष पर करारा हमला

## जिनको भारत का पक्ष नहीं दिखता, उनको आईना दिखाने खड़ा हूं

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दौरान बोलते हुए कहा कि जिनको भारत का पक्ष नहीं दिखता, उनको आईना दिखाने के लिए मैं खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि यह भारत के 'विजयोत्सव' का एक सत्र है। जब मैं 'विजयोत्सव' की बात कर रहा हूं, तो मैं कहना चाहूंगा - ये 'विजयोत्सव' यह विजयोत्सव आतंकी मुख्यालय को मिट्टी मिलाने और सिंदूर का सौगंध पूरा करने का है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो क्रूर घटना घटी, जिस तरह आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून दिया, वह क्रूरता की पराकाष्ठा थी।

मोदी ने कहा कि यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सोचा-समझा प्रयास था। यह भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी। आज मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूँ कि देश ने एकजुट होकर उस साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान जिस प्रकार से देश के लोगों ने मेरा साथ दिया, मुझे आशीर्वाद दिया, देश की जनता का मुझ पर कर्ज है। मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं, मैं देशवासियों का अभिनंदन करता हूं। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि मैं इस सदन के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए यहां खड़ा हूं। जो लोग भारत का पक्ष नहीं देख पा रहे हैं, मैं उन्हें आईना दिखाने के लिए यहां खड़ा हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम के बाद भारत लौटने पर उन्होंने एक बैठक बुलाई और आतंकवादियों को करारा जवाब देने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा, ₹हमें अपने सशस्त्र बलों पर भरोसा है और हमने उन्हें आतंकवादियों को उनकी कल्पना से परे सजा देने की पूरी छूट दी है।₹ मोदी ने सदन को आगे बताया कि पाकिस्तान को पता था कि भारत कुछ करने वाला है और उसने परमाणु धमकी देनी शुरू कर दी थी। हालाँकि, भारत ने योजना के अनुसार कार्रवाई की और पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय सुरक्षा बलों ने 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का बदला 22 मिनट में ले लिया तथा उन स्थानों पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया जहां वे पहले कभी नहीं पहुंच पाए थे।

### राहुल गांधी को पीएम मोदी का जवाब

#### दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में यह स्पष्ट किया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। उन्होंने लोकसभा में, ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान की नाभि पर वार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया और कहा कि इस अभियान के दौरान पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन जवानों के पराक्रम को मुख्य विपक्षी दल का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा, दुनिया के किसी भी नेता ने हमें ऑपरेशन (सिंदूर) रोकने के लिए नहीं कहा। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब विपक्ष संघर्ष विराम के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे पर जवाब की मांग कर रहा।

# ऑपरेशन महादेव पर अखिलेश ने उठाए सवाल, चीन को बताया राक्षस

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि सरकार को युद्धविराम की घोषणा करनी पड़ी? उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि हमें तो उम्मीद थी कि सरकार खुद ही इसकी घोषणा कर देगी। लेकिन चूंकि उनकी गहरी दोस्ती है, इसलिए सरकार ने अपने दोस्त से ही युद्धविराम की घोषणा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार जो दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद कोई आतंकवादी घटना नहीं होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज जब हम संसद में यह चर्चा कर रहे हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि देश का कुल क्षेत्रफल कितना है। यादव ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा वाले दिन ही कश्मीर में ऑपरेशन महादेव संचालित होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुठभेड़ कल ही क्यों हुई। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए ये लाइन बोलूंगा, मैं दुनिया को मनाने में लगा हूं, मेरा घर मुझसे रूठा जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि यह बात पक्ष विपक्ष की नहीं है, देश की सुरक्षा, जनता के जीवन की है। पहलगाम की घटना ने साबित कर दिया है कि लापरवाही देशवासियों की जान ले सकती है। उन्होंने कहा कि 370 के बाद यह कहा सरकार ने कि भविष्य में कोई भी आतंकवादी घटना नहीं होगी। आखिरकार यह सिक्योरिटी लैप्स की जिम्मेदारी कौन लेगा? उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है और चीन को एक राक्षस बताया जो हमारी जमीन और बाजार को हड़प लेगा। यादव ने कहा कि पहलगाम हमले में हुई खुफि या चूक की ज़िम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने आगे कहा कि यह दुखद घटना कभी नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इस चूक ने कई अनमोल जानें ली हैं और देश की सीमा रणनीति की कमजोरियों को उजागर किया है। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू करना सरकार की खुफिया विफलता का प्रतीक है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# हरिद्वार हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि, व्यापार मंडल ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राज्य व्यापार मण्डल उत्तराखंड हरिद्वार महानगर इकाई द्वारा माँ मनसा देवी मंदिर मार्ग में हुए हादसे में मृतको की आत्मा शांति के लिए माँ गंगा हरकी पौड़ी में दीपदान किया गया और घायल हुए श्रद्धालुओं की जल्दी स्वस्थ होने की कामना माँ गंगा से की गयी। प्रदेश अध्यक्ष राजेंदर चौटाला ने कहा की श्रद्धालु मन की शांति के लिए हरिद्वार आते है अव्यवस्थाओं के चलते यह हादसा हुआ है सरकार को निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करनी चाहिए। अवैध अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए हमारा संगठन पूर्व में भी पुलों, घाटों, सड़को पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ रहा है श्रद्धांजलि देने वालो में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुमित अरोड़ा, प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष विशाल गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष तेजप्रकाश साहू, हरकी पौड़ी व्यापार मण्डल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, महामंत्री रिक्की अरोड़ा, प्रदेश सयुंक्त सचिव राज कांडपाल, प्रदेश प्रचार सचिव गोकुल सिंह रावत, प्रदेश सह सचिव नितिन शर्मा, सोनल गर्ग, निखिल मिश्रा, अनूप झा, सचिन आदि उपस्थित रहे।

# राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा

## सरकार जो कहती है वो करती है : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे पहले अपनी बात रखी। ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बोलते हुए राजनाथ ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की हत्या करने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के तीन आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया है। उन्होंने कहा कि भारत की आंतरिक और बा सुरक्षा सुनिश्चित करने में हमारी सेनाओं और अन्य सुरक्षा बलों की भूमिका की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वो करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करना और यह स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता रखता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को केवल वर्तमान के संदर्भ में ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि भारत के भविष्य को आकार देने में भी इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छह और सात मई को पहलगाम हमले के जवाब में चलाया गया आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई ही नहीं था बल्कि यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति का एक प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में यह विस्तृत जानकारी दी है कि सोमवार को सेना, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मारे गये आतंकवादियों के पास से मिले हथियारों की फोरेंसिक जांच की गयी है। सिंह ने कहा कि जांच में यह पूरी तरफ स्पष्ट हो गया कि यह वे ही हथियार हैं जिनका इस्तेमाल पहलगाम आतंकवादी हमले में किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा, हम जो कहते हैं, वह करते हैं। यही हमारा चरित्र है।

संक्षिप्त समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### एसआईआर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, 12-13 अगस्त को तय हुई तारीख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 12 और 13 अगस्त को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के भारत निर्वाचन आयोग के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाकताओं की इस आशंका पर कि 1 अगस्त को मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद कुछ लोगों के नाम सूची से छूट गए हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम एक न्यायिक प्राधिकारी के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर लोगों को बाहर रखा गया है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सामूहिक बहिष्कार के बजाय सामूहिक समावेश होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से आधार और मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज स्वीकार करना जारी रखने को भी कहा। दोनों दस्तावेजों की वास्तविकता की धारणा पर जोर देते हुए, शीर्ष अदालत ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है, जबकि विपक्ष का दावा है कि इस प्रक्रिया से करोड़ों पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएँगे। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सांसदों ने संसद भवन परिसर में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन का विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।

# डीआरडीओ ने 'प्रलय' मिसाइल के लगातार दो परीक्षण सफलतापूर्वक किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 28 और 29 जुलाई को ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के लगातार दो उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ये परीक्षण उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों का हिस्सा थे जिनका उद्देश्य मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमताओं का सत्यापन करना था। डीआरडीओ के अनुसार, दोनों मिसाइलों ने अपने इच्छित प्रक्षेप पथ का सटीकता से अनुसरण किया और निर्धारित लक्ष्य बिंदुओं पर सटीक निशाना साधा। परीक्षणों के दौरान प्रदर्शन सभी परीक्षण उद्देश्यों पर खरा उतरा, जिससे प्रणाली की परिचालन तत्परता और विश्वसनीयता की पुष्टि हुई।

### कैसे काम करती है?

प्रलय एक छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है जिसे विशेष रूप से युद्धक्षेत्र में उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। DRDO द्वारा विकसित, इसे भारतीय सेना और वायु सेना की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिसाइल कई उन्नत सुविधाओं से लैस है।

रेंज: प्रलय की मारक क्षमता 150 से 500 किमी है, जो इसे सामरिक और रणनीतिक दोनों ही स्थानों पर निशाना लगाने के लिए उपयुक्त बनाती है।



पेलोड: यह मिसाइल 350 से 700 किलोग्राम वजन का एक पारंपरिक वारहेड ले जा सकती है, जिससे यह कमांड सेंटर, लॉजिस्टिक हब और एयरबेस जैसे प्रमुख दुश्मन ठिकानों पर सटीक हमला कर सकती है।

ईंधन और गति: यह एक ठोस-ईंधन रॉकेट मोटर का उपयोग करता है, जिससे तीव्र प्रक्षेपण क्षमता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त, उन्नत नेविगेशन और एवियोनिक्स प्रणालियों के साथ, यह उड़ान के बीच में अपने प्रक्षेप पथ को समायोजित कर सकता है, जिससे इसे रोकना बेहद मुश्किल हो जाता है।

गतिशीलता: दोहरे लॉन्चर सेटअप वाले एक उच्च-गतिशीलता वाहन पर स्थापित, प्रलय को संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से तैनात किया जा सकता है। इसे भारत की ₹पहले इस्तेमाल न करें₹ परमाणु नीति के तहत पारंपरिक हमलों के लिए विकसित किया गया है, जो इसकी विशिष्टता को और बढ़ाता है। इसका मतलब है कि यह मिसाइल बिना परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के भी शक्तिशाली प्रतिक्रिया दे सकती है।

# मारा गया पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड हाशिम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आतंकवाद-रोधी एक बड़ी सफलता में, भारतीय सेना के विशेष बलों ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा को मार गिराया। सीमा पार आतंकी नेटवर्क से जुड़े एक प्रमुख आतंकवादी मूसा को हफ्तों के समन्वित खुफिया प्रयासों के बाद एक उच्च-तीव्रता वाले अभियान में मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के दाचीगाम के पास हरवान के घने जंगलों में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में कम से कम तीन आतंकवादी मारे गए। मूसा पिछले साल श्रीनगर-सोनमर्ग राजमार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण में शामिल सात लोगों की हत्या में भी शामिल था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने इस अभियान का नेतृत्व किया। आतंकवादियों के ठिकाने से लगभग 17 ग्रेनेड, एक एम4 कार्बाइन और दो एके-47 राइफलें बरामद की गईं। श्रीनगर के दाचीगाम इलाके में माउंट महादेव के पास सशस्त्र बलों को तीन विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार, ₹महादेव₹ नाम संभवतः इसलिए दिया गया क्योंकि यह अभियान जबरवान और महादेव पर्वत श्रृंखलाओं के बीच हुआ था।

# गोवा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे नीति में किया बदलाव

## आवेदकों को 2 लाख रुपये का प्रत्यक्ष अनुदान मिलेगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, गोवा के ग्रामीण क्षेत्रों में आतिथ्य पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने स्थानीय समुदायों की सहायता के लिए अपनी होमस्टे नीति में संशोधन किया है, पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने घोषणा की। संशोधित नीति के तहत, पात्र आवेदकों को अब होमस्टे स्थापित करने के लिए 2 लाख रुपये का सीधा अनुदान मिलेगा, जो पिछले प्रतिपूर्ति मॉडल की जगह लेगा, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण परिवारों के लिए वित्तीय चुनौतियाँ पैदा हुई थीं। खाउंटे ने राज्य विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि मूल नीति के तहत लाभार्थियों को पहले निवेश करना होता था और बाद में राशि का दावा करना होता था, जो ग्रामीण परिवारों की महिलाओं के लिए व्यावहारिक नहीं था। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक बदलाव किए हैं कि नीति समावेशी, सुलभ और वास्तव में सशक्त हो। मंत्री के अनुसार, संशोधित नीति विशेष रूप से मालिक के निवास के भीतर स्थित होमस्टे को लक्षित करती है, जहाँ मेहमानों के लिए एक से छह कमरे उपलब्ध होंगे। नीति के ग्रामीण फोकस को बनाए रखने के लिए लाभ गैर-तटीय और गैर-शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित रहेंगे। खाउंटे ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर बनाई गई है, क्योंकि ग्रामीण होमस्टे का प्रबंधन मुख्य रूप से घर की महिलाओं द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ.हमारे पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र में इन्वेंट्री जोड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि आजीविका के अवसर पैदा करने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और ग्रामीण महिलाओं को समुदाय-आधारित पर्यटन में नेतृत्वकारी भूमिका देने के बारे में है। खाउंटे ने कहा कि संशोधित योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रक्रिया 8 अगस्त को मौजूदा विधानमंडल सत्र समाप्त होने के बाद शुरू की जाएगी।

# चिराग पासवान का यू-टर्न, कहा- बिहार में एनडीए एकजुट, नीतीश फिर से सीएम बनेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। चिराग पासवान ये यू-टर्न लिया है क्योंकि वह लगातार बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सीएम नीतीश कुमार की आलोचना करते रहे हैं। लोजपा (रामविलास) प्रमुख की यह टिप्पणी नीतीश कुमार सरकार का समर्थन करने पर अफसोस जताने के दो दिन बाद आई है, जिस पर उन्होंने आरोप लगाया था कि उसने अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए गठबंधन का सहयोगी होने के नाते मेरी जिम्मेदारी है कि अगर सरकार में किसी मुद्दे के बारे में कोई जानकारी है, तो हमें उस पर चर्चा करनी होगी और सुधार करना होगा... हम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चुनाव जीतने के बाद वह फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे... बिहार में एनडीए एकजुट है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, पासवान ने कहा: ₹मैं सचमुच चाहता हूँ... उन्होंने आगे कहा कि एक ईमानदार सहयोगी होने के नाते, क्या मुझे सिर्फ.उन्हीं सीटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिन पर मैं चुनाव लड़ रहा हूँ? फिर मैं कैसा सहयोगी हूँ? क्या मुझे 243 सीटों पर प्रचार नहीं करना चाहिए? अगर वे (विपक्ष) मेरी बात पूरी तरह सुन लें, तो उनके इरादे शांत हो जाएँगे। बिहार के हाजीपुर से सांसद पासवान ने कहा कि एनडीए चुनावों के लिए एक ₹विजयी गठबंधन₹ है और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार दोहराया है कि मेरी प्रतिबद्धता और प्रेम प्रधानमंत्री के प्रति है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में (बिहार में) चुनाव लड़े जाएँगे। चुनाव परिणामों के बाद, नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। निश्चित रूप से, वह मुख्यमंत्री होंगे। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर पासवान ने कहा कि यह प्रक्रिया पहले चार बार हो चुकी है और इसमें कोई अंतर नहीं आया है, सिवाय इसके कि अब डिजिटल प्रौद्योगिकी को जोड़ दिया गया है।

## संक्षेप

### उत्तर प्रदेश में 16 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण

**6400 गोवंश को मिलेगा आश्रय**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में 16 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें से ललितपुर में तीन, श्रावस्ती व झांसी में दो-दो और भदोही, प्रतापगढ़, बलरामपुर, सोनभद्र, रायबरेली, बांदा, लखीमपुरखीरी, फतेहपुर व कानपुर देहात में एक-एक केंद्र का निर्माण किया गया है। निर्माण पर 25.61 करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रदेश में वर्तमान में 7,608 गो आश्रय स्थलों में 12.36 लाख निराश्रित गोवंश संरक्षित है। नवनिर्वित 16 केंद्रों का संचालन शुरू होने से और 6400 गोवंश को आश्रय मिल सकेगा। पशुधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 1.14 लाख लाभार्थियों को 1.76 लाख निराश्रित गोवंश सिपुर्द किये गये हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 560 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति दी गई है, इनमें से 403 का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 387 का संचालन शुरू कर दिया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के लिए गोबर से गो दीप, धूपबत्ती, गमले, वर्मी कंपोस्ट के निर्माण के साथ सीबीजी उत्पादन इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन भी हो रहा है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। गोशालाओं में चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुधन अमित कुमार घोष, विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पांडेय, निदेशक प्रशासन एवं विकास डा. योगेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. राजीव कुमार सक्सेना, अपर निदेशक डा. संगीता तिवारी आदि उपस्थित थे।

# डायरिया नियंत्रण में ओआरएस व जिंक की बड़ी भूमिका : डॉ. दिनेश कुमार

## महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने कहा- हमारा लक्ष्य, डायरिया से न हो किसी भी बच्चे की मौत

**ओआरएस दिवस पर डायरिया से जीवन सुरक्षा पर संगोष्ठी आयोजित**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डायरिया रोको अभियान के तहत विश्व ओआरएस दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से मंगलवार को एक स्थानीय होटल में "डायरिया से जीवन सुरक्षा" पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए। डायरिया के नियंत्रण व प्रबंधन में ओआरएस और जिंक की बड़ी भूमिका है, जिसकी उपलब्धता स्वास्थ्य इकाइयों और आशा कार्यकताओं को सुनिश्चित करायी गयी है। इस मौके पर आशा कार्यकताओं, स्टाफ नर्स, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, एएनएम को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया ।महानिदेशक ने कहा कि डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन में समुदाय स्तर पर जागरूकता की भी बहुत जरूरत है, जिसके लिए कई स्वयंसेवी संस्थाएं प्रयासरत हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित डायरिया रोको अभियान में सहयोग के लिए पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से चलाये जा रहे ॥डायरिया से डर नहीं॥ कार्यक्रम को उन्होंने सराहा ।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबन्धक डॉ. मिलिंद वर्धन ने कहा कि बच्चों के डायरिया प्रबन्धन में ओआरएस एक किफायती और सर्व सुलभ उपाय है, जो शरीर में पानी की कमी



(निर्जलीकरण) की समस्या को दूर करने का सबसे कारगर तरीका है। बच्चों में डायरिया से होने वाला निर्जलीकरण ही मृत्यु का कारण बनता है। डायरिया की शीघ्र पहचान कर समय से ओआरएस और जिंक दिया जाए तो बच्चे को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। डायरिया के प्रति समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को ओआरएस और जिंक की महत्ता को भलीभांति समझाने के लिए प्रदेश में वृहद स्तर पर 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है ।अपर निदेशक परिवार कल्याण डॉ. शारदा चौधरी ने भी डायरिया प्रबन्धन में ओआरएस की भूमिका पर प्रकाश डाला और जोर दिया कि घर में अगर छोटे बच्चे हैं तो ओआरएस जरूर रखें ।पीएसआई इंडिया के स्टेट लीड अमित कुमार और सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि पीएसआई इंडिया और केनव्यू प्रदेश के सात जिलों फिरोजाबाद, मुरादाबाद, मथुरा, बदायूं, उन्नाव, गोंडा और श्रावस्ती में ॥डायरिया से डर नहीं॥ कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। इसके तहत डायरिया से बचाव, कारण, रोकथाम व उपचार से जुड़े संदेशों वाले पोस्टर-बैनर व आडियो/वीडियो से सुसज्जित वाहन इन सात जिलों के गली-मोहल्लों में पहुँच रहे हैं और लोगों को जागरूक बना रहे हैं। स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर जागरूकता के सन्देश जन-जन तक पहुंचाए जा रहे हैं। दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक और सार्वजनिक स्थलों पर ओआरएस- जिंक कार्नर बनाए गए हैं, निजी अस्पतालों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। फ्रंट लाइन वर्कर का अभिमुखीकरण किया गया है ताकि वह समुदाय स्तर पर ही डायरिया के प्रबन्धन में बड़ी भूमिका निभा सकें और डायरिया से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर कर सकें। इस कार्यक्रम से जल्दी ही कुछ अन्य प्राथमिकता वाले जिलों को भी जोड़ा जाएगा ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने कहा कि डायरिया रोको अभियान के दौरान जिस तरह से गतिविधियाँ आयोजित की गयीं, वह सराहनीय हैं। इस तरह का जागरूकता अभियान समुदाय स्तर पर निरंतर बनाए रखना हमारी फ्रंट लाइन वर्कर की बड़ी जिम्मेदारी है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की अध्यक्ष डॉ. शालिनी भसीन ने कहा कि डायरिया नियन्त्रण में निजी क्षेत्र की भी बड़ी भूमिका है ।केनव्यू के बिजनेस हेड-सेल्फ केयर प्रशांत शिंदे ने कहा, ॥डायरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे समय पर उपचार और ओआरएस जैसे समाधानों के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। डायरिया से होने वाली मृत्यु दर (खासकर पांच साल से कम उम्र के बच्चों) को कम करने के प्रयासों को समर्थन देने के लिए हम अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान ॥डायरिया से डर नहीं॥ के माध्यम से अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।इस मौके पर पीएसआई इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर समरेन्द्र बेहरा ने संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों खासकर ॥डायरिया से डर नहीं॥ कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। संगोष्ठी में एनएचएम के महाप्रबन्धक-आईईसी डॉ. अम्बुज श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सतीश यादव, टुडियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. गीतांजलि, केजीएमयू से डॉ. मोनिका और डॉ. एस. के. सिंह, यूनिसेफ, सीआईआई, आईपास, न्युट्रिशन इंटरनेशनल, पाथ, एजूकेट गर्ल्स समेत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं का हल्ला बोल..

## एक अगस्त से मोहनलालगंज बार एसोसिएशन न्यायिक कार्य से बहिष्कार का किया ऐलान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की निरंकुश कार्यशैली के खिलाफ मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है मोहनलालगंज तहसील में मंगलवार को बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक अध्यक्ष कोशलेंद्र शुक्ला एडवोकेट की अध्यक्षता और महामंत्री रामलखन यादव एडवोकेट के संचालन में संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने एक सुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया बैठक में तहसील परिसर में व्याप्त अव्यवस्था रिश्वतखोरी और अधिकारियों की जवाबदेही न होने पर गहरी नाराजगी जताई गई अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में तैनात लेखपाल कानूनगो तहसीलदार समेत अधिकांश अधिकारी बिना रिश्वत के कोई काम नहीं करते हैं पत्रावलियों का निस्तारण न्यायालय व एसडीएम स्तर पर भी अनावश्यक विलंब से हो रहा है जिससे आम जनता





और वादकारी वर्ग को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील परिसर से भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए अब अधिवक्ता चुप नहीं बैठेंगे तत्काल प्रभाव से एक अगस्त से तहसील स्थित सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया गया है।

### दोषी अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो होगा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन–रामलखन यादव

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव ने बताया कि यदि तीन दिनों में शासन-प्रशासन की ओर से दोषी अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 1 अगस्त 2025 को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा इस बाबत एक ज्ञापन मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को भेजा जा चुका है बार एसोसिएशन ने कहा कि तहसील को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की जिम्मेदारी अब राज्य सरकार और जिला प्रशासन की है यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

# सोलर पैनल चोरी की घटना का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार, पांच पैनल बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कुड़ा गांव में अधिवक्ता के खेत से हुए सोलर पैनल चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है पकड़े गए चोरों के पास से चोरी गए पांच सोलर पैनल भी बरामद कर लिए गए हैं पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन ने राहत की सांस ली है ।घटनाक्रम कुछ दिन पूर्व रात को कुड़ा गांव निवासी अधिवक्ता श्रवण कुमार यादव पुत्र स्व. सहज राम यादव के खेत में लगे ट्यूबवेल से सिंचाई हेतु लगाए गए 5 हार्सपावर के सौर ऊर्जा चालित कुल 6 सोलर पैनल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे इस संबंध में अधिवक्ता ने थाना मोहनलालगंज में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम




ने चोरी की घटना के खुलासे के लिए सक्रियता से जांच-पड़ताल शुरू की इसी क्रम में विशेष सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के उत्तर गांव में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया पूछताछ के दौरान दोनों ने कुड़ा गांव से सोलर पैनल चोरी करने की बात कबूल की उनके पास से चोरी गए पांच सोलर पैनल भी बरामद किए गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरिलाल पुत्र स्व.सीताराम निवासी पचौरी मजरा हुलासखेड़ा तथा नीलू पुत्र रामनरेश निवासी रघुनाथखेड़ा मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रूप में हुई है पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया ।वहीं एसीपी रजनीश वर्मा ने भी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए आगे भी इसी प्रकार सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# जमीन के लिए दबंगों ने घर में घुस, ईंट से कूचकर युवक को उतारा मौत के घाट

## पिता की तहरीर पर पुलिस ने छः लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर, पंकज को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात पुश्तैनी जमीन की रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। हमलावरों ने युवक पर ईंट और धारदार औजार से सिर पर वार दिया और फिर ईंट से चेहरा कूच दिया। सनसनीखेज हत्या से पूरा इलाका थर्रा गया। रहीमाबाद केबख्तौरीपुर गांव में कई महीनों से दबंगों व मृतक के बीच खेत और मकान पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद था। इस मामले में दबंगों ने सोमवार देर रात अमन दीक्षित (32) की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने पंकज को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य की तलाश में टीम दबिश दे रही है।



मृतक अमन फाइल – फोटो

### जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

मृतक के पिता सुशील दीक्षित के अनुसार, मकान उनके बड़े भाई मदन सिंह का है, जिनका एक वर्ष पहले निधन हो गया था ।और उनके बेटे मोनू की दो महीने पहले मौत हो गई थी। उनके हिस्से का मकान और अन्य दो बीघा जमीन थी। जो अब उनके दूसरे बेटे सोनू दीक्षित के नाम पर है। सोनू बीते कई वर्षों से अतरौली के भरावन में रहते हैं। वहीं, अमन इस मकान की देखरेख करता था।



शव के पास बिलखती पत्नी व अन्य लोग

यह बात पंकज को नागवार साबित हो रही थी। इस मकान पर कब्जा करने के लिए पड़ोस में रहने वाला चचेरा भाई पंकज कई दिनों से प्रयास कर रहा था। इसी को लेकर दोनों परिवारों में काफी समय से विवाद चल रहा था।

### एक माह पूर्व पुलिस ने की थी शांति भंग की कार्रवाई

एक माह पूर्व पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ की थी शांति भंग की कार्रवाई, दोनों पक्षों में अक्सर जमीन को लेकर विवाद होता रहता था। एक माह पूर्व भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई की थी। कुछ दिनों पहले अमन और पंकज के बीच मोबाइल को लेकर कहा सुनी और मारपीट हुई थी ।सोमवार देर रात अमन और पंकज में विवाद शुरू हो गया। यह देख पंकज के परिवार से उनकी माता मंजू, नीरज, सपना, कल्पना और विमलेश भी मौके पर पहुंच गए ।इसी दौरान पंकज ने ईंट उठाकर अमन पर हमला कर दिया। अमन जान बचाकर घर के अंदर भागे तो आरोपी पीछे से उनके घर में घुस गए। इसके बाद धारदार औजार से वार किया, और आरोपियों ने हत्या के बाद अमन की खोपड़ी पर ईंट से कई वार भी किए। इस दौरान अमन की बहन राधिका चीखने लगी और मदद के लिए गुहार लगाती रही, पुलिस को जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंची। मिली तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा ।इस संबंध में इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक के पिता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने नामजद हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी पंकज को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों परिवार में रंजिश काफी दिनों से चल रही थी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। अमन के परिवार में उनकी पत्नी रूबी, पिता सुशील, मां मनोरमा, भाई विपिन उर्फ गोलू और एक बहन राधिका हैं। जिनका घटना के बाद से रो-रो कर बुराहाल है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई नागपंचमी दूसरे दिन लगता है प्रसिद्ध हापा मेला...

**निगोहा कस्बे में प्रसिद्ध हापा मेला आज----**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र में नागपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया गांवों के चौपालों व चौराहों पर छोटी छोटी बच्चियां गुड़िया बना कर लाई जहाँ उपस्थित बच्चों ने छूल के डंडों से गुड़िया पीट कर पर्व को मनाया वही नागपंचमी के अवसर पर लगने वाला हापा मेला बुधवार को निगोहां कस्बे में लगेगा ऐसी मान्यता है कि वर्षो से यह हापा मेला नागपंचमी के दूसरे दिन लगता आ रहा है जहाँ इस मेले में कभी महिलाओं का दंगल काफी लोकप्रिय रहा है जिसमें दूरदराज से आई गांवों की महिला पहलवानों की आमद रहती थी लेकिन समय परिवर्तन के साथ सब यादों तक ही सीमित रह गया फिलहाल इस प्रसिद्धि मेले में दूर-दूर तक के लोग यहाँ पहुँचते है ग्रामीण अंचल के बड़ी



संख्या में महिलाएं व पुरूष यहां एकत्र होते हैं मेले में तरह-तरह की दुकानें सजती है वही मेले में लगने वाले विभिन्न दुकानों में व्यंजनों का आनन्द लेते हैं ।इस मेले में राष्ट्रीय मिठाई *जलेबी*भारी मात्रा में बिकती है लोग बड़ी संख्या में खरीददारी भी करते हैं वही इस मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे बड़े झूले भी लगे हुए है मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि निगोहा कस्बे में नागपंचमी के अवसर पर हापा मेले में भारी पुलिस बल मौजूद रहेगा।

# महिला समेत परिवार को पीटा, जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।नगराम थाना क्षेत्र टिकरा जुगराज गांव में एक महिला व उसके परिवार पर हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है फैक्ट्री में कार्यरत चौकीदार रामचंदर रावत और उनकी पत्नी सुनीता रावत के साथ गांव के ही कई लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी यह पूरा मामला फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है पीड़िता सुनीता रावत पत्नी रामचंदर रावत, निवासी ग्राम टिकरा जुगराज ने नगराम थाने में तहरीर देकर बताया कि वह एवं उनके पति गांव में ही स्थित अतुल कुमार तिवारी की नरेश पाइप इंडस्ट्रीज फैक्ट्री की देखरेख एवं चौकीदारी का कार्य करते हैं ।पीड़िता के मुताबिक कुछ दिन पूर्व गांव के ही मुकेश और रामसुमिरन उनके घर आए और उनके पति के बारे में पूछताछ करने लगे। पीड़िता ने उन्हें बताया कि उनके पति दो दिन बाद लौटेंगे ।इसी क्रम में बीते 21 जुलाई को शाम लगभग 7:15 बजे गांव के रामसुमिरन पुत्र स्व. बृजलाल, उनके पुत्र महेश व रूपेश, मुकेश, जुगेश, अमरेन्द्र, सुरक्षित उर्फ मयंक पुत्रगण स्व. राधेश्याम, चन्द्रिका पुत्र स्व. महावीर, उत्तम कुमार, रचित पुत्रगण लक्ष्मण, शानबहादुर पुत्र अन्नत, दसरथ कुमार, रज्जन कुमार, सज्जन कुमार, निर्मल कुमार पुत्रगण शानबहादुर, ब्रजेश कुमार पुत्र स्व. रामकुमार, फूलचन्द्र पुत्र स्व. परसादी एवं चार अज्ञात लोग लाठी-डंडा लेकर फैक्ट्री में घुस आए ।आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने मिलकर रामचंदर रावत की बेरहमी से पिटाई की। जब सुनीता और उनके बच्चे बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी मारा-पीटा गया इस दौरान प्रार्थिनी को धक्का देकर गिरा दिया गया और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई ।पीड़िता ने बताया कि इस घटना की जानकारी लोकलाज के भय से तत्काल पुलिस को नहीं दी गई लेकिन बीते 24 जुलाई को उक्त विपक्षी दोबारा हथियारों के साथ आकर उन्हें धमकाने लगे तब जाकर पीड़िता ने मंगलवार को थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने फैक्ट्री मालिक अतुल कुमार तिवारी को भी जान से मारने की धमकी दी है घटना के बाद से पीड़िता व उनके परिवार को गंभीर खतरा बना हुआ है फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है पीड़िता ने नगराम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है वही पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# मामा व भांजे पर लाठी-डंडों से हमला, मुकदमा दर्ज

**जानवर चराकर लौट रहे दबंगो ने किसान के साथ भांजे को पीटा....**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। जानवर चराकर लौट रहे एक किसान पर दबंगों द्वारा हमला कर घायल कर दिया घटना निगोहां थाना क्षेत्र के ग्राम मंगटैया गांव के रहने वाले दुर्गपाल पुत्र स्वर्गीय हनुमान बीते रविवार को अपने जानवरों को चराकर खेत से वापस अपने घर लौट रहे थे रास्ते में पहले से मौजूद रामचंद्र पुत्र स्व.गुरु रवि पुत्र बेचालाल तथा सचिन व हर्ष सिंह ने उन्हें रोक लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया जब शोर सुनकर उनका भांजा बीच-बचाव करने आया तो उसे भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर आधार पर निगोहां पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है ।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा ग्रामीणों में इस घटना के बाद आक्रोश व्याप्त है और पीड़ित परिवार ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मंदिर में मिला मांस का टुकड़ा, लोगों में रोष, मौके पर पहुंची पुलिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नई बस्ती धनेवा गांव में मंगलवार सुबह मंदिर में एक मांस का टुकड़ा पड़ा मिलने पर लोगों में रोष फैल गया ।घटना की जानकारी मंगलवार सुबह करीब 6:00 बजे हुई जब सेवक उमाशंकर मंदिर की साफ सफाई करने पहुंचे तो देखा किमंदिर के अंदर एक मांस का टुकड़ा पड़ा है। जिसकी सूचना उसने स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को दी मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मांस का टुकड़ा हटा दिया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की ।हनुमान मंदिर में रोज की तरह सुबह सेवक उमाशंकर साफ सफाई के लिए मंदिर पहुंचे और गेट



हनुमान मंदिर की फोटो

खोला तो देखा कि एक मांसका टुकड़ा मंदिर के अंदर पड़ा है।

उसने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी मंदिर में मांस पड़ा होने से लोगों में रोष फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मंदिर के पास एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने कार्यवाही का भरोसा देकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए मांस का टुकड़ा वहां से हटा दिया है। ग्रामीण ने बताया कि मंदिर के आस-पास कई मुस्लिम परिवार भी है ऐसे में मांस का इतना बड़ा टुकड़ा पड़ा मिलना किसी शरारती तत्व द्वारा की गई शरारत की ओर इशारा कर रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच की मांग की है ।इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जिसने भी यह हरकत की है, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### पड़ोसी से विवाद के बाद हुई मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में जानवरों द्वारा चारा खाने को लेकर हुएआ विवाद में एक वृद्ध घायल हो गया जिसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहाई निवासी अयोध्या प्रसाद 70 वर्ष का सोमवार को गांव के ही हरिओम आदि से विवाद हुआ था ।पुत्र मुकेश ने बताया कि हरी ओम आदि ने मिलकर रात में मारपीट की थी जिसमें अयोध्या प्रसाद घायल हो गया था।इसके बाद उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

### फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र के एक गांव में एक मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी रामबालक 45 वर्ष ने मंगलवार की सुबह घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ।परिजनों ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी।वह मजदूरी करता था ।राम बालक की मौत से परिजनो का हाल बेहाल हैं।

### दर्शन कर लौट रहा था परिवार, ई रिक्शा को बेकाबू ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, चालक समेत 6 घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट ई रिक्शे को ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शे में बैठे सभी लोग इधर उधर जाकर गिर गए और घायल हो गए.सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया.दरअसल हरदोई के सुनासीर नाथ मंदिर दर्शन के बाद लौट रहे एक परिवार के ई-रिक्शे को पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया.सावन के तृतीय सोमवार को दर्शन करने सुना सीर नाथ मंदिर गए थे.जहां से वापस घर लौट रहे थे.इसी दौरान यह हादसा हुआ.घायलों में बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रसूलपुर रूरी गांव निवासी चालक राधेश्याम पुत्र देवीप्रसाद उम्र 30 वर्ष,रोहित पुत्र संतराम,राजकुमारी,बबली,प्रियंका, और भुभम आदि लोग घायल हो गए.सभी घायलों में शुभम उम्र 12 वर्ष की हालत नाजुक बताई जा रही है ।फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं ।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है ।फरार ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है ।सभी घायल सुरक्षित हैं।

## बड़े ही धूमधाम से मनाई गई आल्हा सम्राट की पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के नारायणदास खेडा में आल्हा सम्राट लल्लू बाजपेयी की पुण्य तिथि बड़ी धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम दौरान करीब आधा दर्जन जन प्रतिनिधि पहुँचे।पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि आल्हा सम्राट लल्लू बाजपेई की 12 वीं पुण्य स्मरण पर आप लोग नशा छोड़कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं ।उन्होनें सभा मे उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि कहा कि पूरे विश्व में किसी भी देश में मुफ्त राशन नहीं मिलता ।केंद्र की मोदी सरकार 80 करोड लोगों को मुक्त राशन , 55 करोड लोगों को मुफ्त में स्वास्थ्य योजना का लाभ 10 करोड लोगों को मुफ्त सिलेंडर , लगभग 10 का करोड़ किसानों के खातों में 6000 की सम्मान राशि देने का काम कर रही है कभी भारत हथियार खरीदता था आज ब्रम्होस जैसी मिसाइल बना उनका निर्यात किया जा रहा है भारत ने अपनी सफलता का लोहा अमेरिका और चीन के हथियारों को नष्ट करके दिखा दिया है। उन्होंने आरक्षण और संविधान बदलने का ढिंढोरा पीटने वाले विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 1 साल केंद्र सरकार का बीत गया और विपक्ष के झूंठे बयानों की पोल खुल गई उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष के जाल में फंसकर अपने मत को खराब न करें मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ प्रियंका मौर्या, उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, सहकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य ,भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने भी आए लोगों को लल्लू बाजपेई को याद कर उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में आए लोगों को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देखकर कार्यक्रम आयोजक व संचालक अतुल दीक्षित द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित पांडे, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला ,गणेश प्रसाद दीक्षित, आशू बाजपेयी, अंशु, दिनेश निर्मल, महेंद्र मिश्रा ,गोकुल शुक्ला आदि रहे।

## खून से लथपथ मिला युवक, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मंगलवार दोपहर दो बजे कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर आलमपुर रेतवा गांव के सामने एक युवक खून से लथपथ मिला। ग्रामीणों ने उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।मिली जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान बिहार के मुंगेर जिले के थाना जानकी नगर निवासी विकास पुत्र रमन प्रसाद 38 वर्ष के रूप में हुई है।युवक यहां कैसे और किस साधन से पहुंचा, इसकी जानकारी वह नहीं दे पा रहा है। युवक से पूछताछ का प्रयास किया गया लेकिन वह कुछ बताने में असमर्थ रहा। डॉक्टरों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक आलमपुर गांव के पास कैसे पहुंचा।

## नवीन मंडी समिति में अवैध कब्जेदारो को दी गई चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवीन मंडी समिति में चबूतरों पर किए गए अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने इस प्रकरण में सख्त रुख अपनाया है।सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज और मंडी समिति के सचिव ने संयुक्त रूप से मंडी का निरीक्षण किया था। उन्होंने अवैध कब्जाधारियों को 24 घंटे के भीतर चबूतरों को खाली करने की चेतावनी दी थी। लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी अवैध कब्जे यथावत बने हुए हैं। मंडी समिति के चबूतरों पर व्यापारियों द्वारा किए गए कब्जे से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। जहां किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए जगह मिलनी चाहिए, वहां बड़े व्यापारी अस्थायी दुकानों और ठेलों के माध्यम से कब्जा जमाए बैठे हैं।इससे छोटे व्यापारी और दूर-दराज से आए किसान मंडी के भीतर प्रवेश तक नहीं कर पा रहे हैं।मजबूरन उन्हें सड़कों पर बैठकर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और मंडी की व्यवस्था भी चरमरा गई है ।निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने मंडी समिति के कर्मचारियों को फटकार लगाई।उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। साथ ही मंडी की सभी अव्यवस्थाओं को शीघ्रता से सुधारा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी हाल में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बताया, ₹नवीन मंडी समिति में चबूतरों पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। हमने मंडी सचिव के साथ मौके का निरीक्षण किया। जिन व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है, उन्हें पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। अब जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।प्रशासन की इस सख्ती के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मंडी समिति में अव्यवस्थाओं पर कब तक अंकुश लगता है और किसानों को उनका हक कब तक मिल पाता है। फिलहाल किसान प्रशासन से जल्द राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## मोबाइल में फोटो दिखाने को लेकर हुई कहासुनी, पड़ोसियों ने रिश्तेदारों को पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पंचुपुरवा गांव में मोबाइल में फोटो दिखाने को लेकर रिश्तेदारों और पड़ोसियों से कहासुनी हो गई.कहासुनी इतनी बढ़ी कि पड़ोसियों ने रिश्तेदारों को बेरहमी से पीटा.पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है ।दरअसल पंचू पुरवा गांव निवासी बालकिशन पुत्र श्री लालाराम के घर कानपुर से साले जीतू, नरेंद्र और साड़ू विनोद कुमार और सराहज चांदनी अपने दो मासूम बच्चों के साथ आई थी.इसी दौरान गांव के निवासी गोविंद से मोबाइल में फोटो दिखाने को लेकर कहासुनी हो गई.कहासुनी में देखते ही देखते आधा दर्जन लोग आ गए और मारपीट करने लगे.बताया जा रहा है बहुत बेरहमी से मारा पीटा ये सब देखकर बालकृष्ण ने अपने रिश्तेदारों को बचाने के लिए मार्केट के नीचे एक कमरे में सभी को बंद कर सटर लगा दिया.जिसके बाद थोड़ा मामला शांत हुआ. और फिर से पड़ोसियों ने चढ़ाई कर दी.तब जाकर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई.सूचना पर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा.तब जाकर शटर को तोड़कर मेहमानों को बाहर निकाला गया.घायल जीतू, नरेंद्र और विनोद कुमार को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा.जहां पर तीनों घायलों का इलाज चल रहा है ।वही पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है ।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मारपीट कर रहे सभी लोगों को हिरासत में ले लिया गया है ।अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक सवार रेलवे स्टेशन मास्टर को तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर गांव मे सोमवार 10,30 बजे सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी इससे स्टेशन मास्टर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, ड्यूटी पर न पहुंचने पर अन्य स्टाप के लोगो ने फोन किया तो घटना की जानकारी हुई, स्टाप के लोगो ने परिजनो को मौत की सूचना दी, छह माह पहले ही स्टेशन मास्टर के पद पर तैनात हुआ था, लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र बुधड़िया गांव निवासी कुलदीप यादव 30वर्ष पुत्र रज्जन लाल यादव सोनिक रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर के पद पर तैनात था, अजगैन स्टेशन में कम स्टाप होने की वजह से सोमवार रात ड्यूटी करने जा रहा था।तभी अजगैन मोहान मार्ग फरहद पुर गांव के पास मोहान की तरफ जा रहे तेज रफ्तार मौरंग भरे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी की हेलमेट टूट कर दूर गिर गया और युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, 11 बजे तक ड्यूटी पर न पहुंचने पर अन्य साथियों ने फोन मिलाया तो घटना की जानकारी हुई पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, मौत की सूचना पर परिजन रो-रो कर बेहाल हो गए मृतक के पिता रज्जन लाल यादव ने बताया की मृतक लखनऊ डीआरएम ऑफिस में ग्रुप डी पॉइंट्स मैन के पद पर कार्यरत था। अभी 6 माह पहले ही डिपार्टमेंटल की परीक्षा पास की थी जिस पर दिसंबर 2024 में पहली पोस्टिंग सोनिक रेलवे स्टेशन मास्टर के पद पर हुई थी ।जहा वो कार्य कर रहा था, मृतक के पिता रज्जन लाल यादव गांव से क्षेत्र पंचायत सदस्य व सपा से जिला सचिव है, मृतक तीन बहनों में अकेला था। माता पुष्पा ,बहन रीता रो रो कर बेहाल हो गई ।कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि हादसे मे युवक की मौत हुई है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अभी परिजनो ने तहरीर नही दी है तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

## मार्ग पर घूमते आवारा पशु एसडीएम ने ईओ को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।नगर की सड़कों पर विचरण और आराम करते गोवंशों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से दुर्घटनाओं का भय बढ़ गया है।इससे करोड़ों रुपये की लागत से पंचायत में बनी कान्हा गौशाला का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। स्थानीय कस्बा के मुख्य मार्गों पर आवारा गोवंशों के विचरण और विश्राम करते हुए फोटो न्यूज समूह में वायरल होने के बाद उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ईओ को एक पत्र जारी कर शीघ्र समुचित कार्यवाही का निर्देश दिया।सोमवार की सायं कुछ व्हाट्स एप न्यूज समूहों में कस्बा पुरवा के प्रमुख मार्गों पर आवारा गोवंश बड़ी संख्या में घूमते होने की फोटो वायरल हुई थी।इसमें करोड़ों रुपए की लागत से कस्बा में बने कान्हा गौशाला की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है।नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस विषय पर आंख बंद किए हैं। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने खबर का त्वरित संज्ञान लेते हुए ईओ पुरवा को पत्र जारी कर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी रत्नम चौरसिया ने बताया कि सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा गोवंश के कारण दुर्घटना की संभावना प्रबल हो गई है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। स्कूल आते-जाते बच्चों की भी सुरक्षा खतरे में है। खबर पर चलाते ही एसडीएम द्वारा संज्ञान लेने के लिए रत्नम चौरसिया ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दलदल में फंसी गाय को पुलिस व ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर बचाई उसकी जान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में एक मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी घटना सामने आई है।यहां दलदल में फंसी एक गाय की जान बचाने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार, गंगाघाट थाना क्षेत्र में स्थित एक नाले के पास अचानक एक गाय दलदल में फंस गई। गाय के फंसने से वह लगातार तड़पने लगी।मौके से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना पाकर गंगाघाट थाने में तैनात सिपाही योगेश प्रजापति तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने न केवल स्थानीय ग्रामीणों से मदद मांगी बल्कि पास से जेसीबी मशीन भी मंगवाई।जेसीबी की मदद से दलदल के आसपास की मिट्टी हटाई गई, ताकि गाय को सुरक्षित निकाला जा सके।ग्रामीणों और पुलिसकर्मी ने रस्सियों के सहारे गाय को बाहर खींचा। करीब आधे घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस पूरे बचाव अभियान का वीडियो किसी ग्रामीण ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे सिपाही योगेश प्रजापति खुद दलदलके पास जाकर गाय को निकालने में लगे हुए हैं।गाय के सुरक्षित बाहर आने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और सिपाही योगेश प्रजापति की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिसकर्मी की इस पहल से जानवरों के प्रति मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। लोग सोशल मीडिया पर सिपाही योगेश प्रजापति को धन्यवाद दे रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था संभालने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आम जनता और पशुओं की मदद के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

## बड़े ही धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का पर्व



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।चल रहे पवित्र श्रवण मास मे नाग पंचमी का त्योहार क्षेत्र मे बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया,गुडिया के त्योहार को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह वर्धन दिखा । आज मंगलवार को श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी त्योहार क्षेत्र मे धूम धाम से मनाया गया है गांवो कस्बो मे नाग देवता की पूजा के लिए घर के दरवाजो पर नाग देवता की आकृति बनाकर पूजा की गई। क्षेत्र मे आज ही गुड़िया का पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया,बहने अपने भाइयों के साथ रंग बिरंगे परिधान पहनकर डलिया मे गुड़िया रखकर निर्धारित स्थल पर गुड़िया डालने गई तो भाईयों ने खजूर व नीम की छडी से गुड़िया पीटी,क्षेत्र के विभिन्न गांवो व कस्बो मे गुड़िया का पर्व विभिन्न रिवाजो से मनाया गया ।

## जमकर डंडों से हुई गुड़िया की पिटाई जगह जगह कुश्ती व कबड्डी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।सदियों काल से चली आ रही परंपरा को गांव के युवा और वृद्ध लोग अभी भी जागृत किए हुए हैं नाग पंचमी के इस त्यौहार पर लोग सुबह नाग देवता की पूजा करते हैं और उनको दूध पिलाने की प्रथा जो है उसको पूरा करते हैं उसके बाद शाम को घर की लड़कियां गुड़िया बनाकर उसको झूले पर झुला कर के गांव के बाहर डालती है जिसको गांव के छोटे बच्चे लड़के मिलकर हरी डंडियों से पीटते उसके बाद गांव के कुछ सम्मानित व्यक्तियों द्वारा कुश्ती ऊंची कूद कबड्डी का आयोजन भी किया जाता है इस बार जाजूमऊ ,कुरौली,भाषी ,सेमरा मऊ दयालपुर आदि गावों में भी धूम धाम से त्यौहार मनाया वा आयोजन किया ग्राम सभा आदमपुर भाषी में सम्मानित प्रधान राम चरण, और कोटेदार शिवशंकर, चंद्र शेखर द्विवेदी , छोटई ,सुरेश, आदि व्यक्ति मौजूद रहे कुश्ती जीतने वालों को पैसे भी देते हैं ।युवा लड़कों द्वारा कबड्डी खेली गई ऊंची कूद भी लगाई ।



## दलदल में फंसी गाय को पुलिस व ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर बचाई उसकी जान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में एक मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी घटना सामने आई है।यहां दलदल में फंसी एक गाय की जान बचाने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार, गंगाघाट थाना क्षेत्र में स्थित एक नाले के पास अचानक एक गाय दलदल में फंस गई।गाय के फंसने से वह लगातार तड़पने लगी।मौके से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर गंगाघाट थाने में तैनात सिपाही योगेश प्रजापति तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने न केवल स्थानीय ग्रामीणों से मदद मांगी बल्कि पास से जेसीबी मशीन भी मंगवाई। जेसीबी की मदद से दलदल के आसपास की मिट्टी हटाई गई, ताकि गाय को सुरक्षित निकाला जा सके। ग्रामीणों और पुलिसकर्मी ने रस्सियों के सहारे गाय को बाहर खींचा। करीब आधे घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।इस पूरे बचाव अभियान का वीडियो किसी ग्रामीण ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे सिपाही योगेश प्रजापति खुद दलदलके पास जाकर गाय को निकालने में लगे हुए हैं। गाय के सुरक्षित बाहर आने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और सिपाही योगेश प्रजापति की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिसकर्मी की इस पहल से जानवरों के प्रति मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। लोग सोशल मीडिया पर सिपाही योगेश प्रजापति को धन्यवाद दे रहे हैं।इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था संभालने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आम जनता और पशुओं की मदद के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

## दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना परेंदा और भवानी खेड़ा गांव के बीच हुई।परेंदा निवासी संदीप ( 25 ) पुत्र राजेश राजा बाग से अपने घर लौट रहा था।उसी समय सिलई गांव के हनुमान ( 42 ) पुत्र नन्हक्के और कन्हैया खेड़ा निवासी पवन ( 27 ) पुत्र मुनेश्वर एक ही बाइक पर राजाबाग की ओर जा रहे थे ।पवन अपनी ससुराल सिलई आया हुआ था।हनुमान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।इस हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मियागंज सीएचसी ले गई।वहां डॉक्टर उमर फारुक ने संदीप और हनुमान की हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## नाग पंचमी के पावन पर्व पर पीटी गई गुड़िया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के मुरलीपुर में नाग पंचमी के अवसर पर गुड़िया पीटने की परंपरागत रीति का निर्वहन किया गया।यह आयोजन किसान नेता सनोज यादव की अगुवाई में संपन्न हुआ।नाग पंचमी पर गुड़िया पीटने की यह परंपरा एक प्राचीन लोककथा से जुड़ी है।कथा के अनुसार, एक बहन ने अनजाने में एक सांप को मार दिया था। यह सांप उसके भाई से स्नेह रखता था।इस घटना से भाई को गहरा दुख हुआ। विस्तृत कथा बताती है कि भाई-बहन शिवलिंग की पूजा के लिए मंदिर गए थे। वहां एक सांप भाई के पास आया।बहन ने डर के मारे सांप को डंडे से मार दिया, जिससे वह घायल हो गया।पुजारी ने बताया कि बहन को सर्प दोष लगा है ।इस दोष से मुक्ति पाने के लिए एक विशेष प्रक्रिया अपनाई गई।कपड़े की गुड़िया बनाकर उसे 11 बार सीधा और 11 बार उल्टा पीटा गया।फिर उसे जमीन में दफना दिया गया।तभी से यह परंपरा चली आ रही है।यह रीति प्रायश्चित का प्रतीक है और लोगों को सांपों की रक्षा का महत्व याद दिलाती है।यह परंपरा उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य क्षेत्रों में नाग पंचमी के दिन निभाई जाती है। गुड़िया पीटने का यह प्रतीकात्मक कार्य गलती और उसके पश्चाताप को दर्शाता है।यह रिवाज भाई-बहन के प्रेम, न्याय के साथ-साथ सांपों के प्रति सम्मान और उनकी रक्षा की भावना को भी बढ़ावा देता है।



## नदी में स्नान कर रहे युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बिहार के गाँव रिसालखेड़ा मजरे कीरतपुर निवासी लवकेश 22 वर्ष कुशवाहा पुत्र हेमू कुशवाहा की नदी में नहाते समय पानी में डुब जाने से ईलाज दौरान मौत हो गयी।परिजनों द्वारा फिलहाल अभी पुलिस को तहरीर नही दी गयी है। रिसालखेड़ा निवासी लवकेश सुमेरपुर बस स्टॉप में मुकेश टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान किये हुए है। नागपंचमी व गुड़िया का त्योहार होने की वजह से गाँव मे गुड़िया पीटने उपरांत मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे अपने दोस्तो के साथ ताजकपुर गाँव के समीप लोन नदी में बने बंधे में नहाने चला गया।लवकेश अच्छा तैराक भी था ।नदी में बहाव अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। उसके दोस्त समझ नही पाए। अन्त में जब उसने हरकत बंद कर दी दोस्तों को शक हुआ ।आनन -फानन में उसके शरीर को बाहर निकाल सुमेरपुर के किसी मेडिकल स्टोर ले गए। उसे ठीक न होता देख परिजन रायबरेली के एम्स हॉस्पिटल ले गए जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने का उसका शव घर न आ सका था। दिवंगत की दो बहनों रानी व कविता की शादी हो चुकी है जबकि एक भाई मुकेश अविवाहित है।मौत की खबर

## एसडीएम ने लगाया जनता दरबार सुनी लोगों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।जनता दर्शन में उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उनके निराकरण हेतु मातहतों को निर्देशित किया। मौके पर तीन शिकायतों का निराकरण किया गया मंगलवार को जनता दर्शन में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आज जमीन संबंधी विवादों की अधिकता रही। ग्रामीणों में सुनील पुत्र रामबख्श निवासी मंगतखेड़ा ने अवैध कब्जा हटवाने, कृष्णपाल व राकेश कुमार पुत्रगण स्व० भरोसे निवासी हीराखेड़ा थाना मौरावां, राजेंद्र कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी शाहखेड़ा थाना मौरावां, रमेश चंद्र पुत्र रामपाल निवासी तारनखेड़ा थाना पुरवा कुल 14 फरियादियों ने भूमि विवादों के निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दिया जिनमें से मौके पर 3 मामलों को निस्तारित कराया गया। शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु एसडीएम ने मातहतों को निर्देशित किया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि पूरी राजस्व टीम के साथ प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लिया गया।

**भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को मुक्त व्यापार की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) किए। इसे भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता माना जा रहा है। समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी उत्पादों को ब्रिटेन में और यूके के 90 फीसदी उत्पादों को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे पहले भारत ने दस देशों के संगठन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ एफटीए किया है। आसियान में भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) शामिल हैं, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। भारत का श्रीलंका, मॉरीशस और मलेशिया के साथ भी एफटीए है, दक्षिण कोरिया, जापान और यूएई के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) है, ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) है, सिंगापुर के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) है और थाईलैंड के साथ तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) है। मुक्त व्यापार के नजरिये को पहली बार 1817 में अर्थशास्त्री डेविड रिकार्डो ने अपनी पुस्तक 'ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन' में लोकप्रिय बनाया था। आजकल में पेश है एफटीए का विश्लेषण...**

# ट्रेड बढ़ाने के नए युग का आगाज एफटीए



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

ग्लोबल ट्रेड व कूटनीतिक मामलों के जानकार

**दिवस 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यकीनन यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि फिर भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप ले ही नहीं पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक रहा है।**

एक ऐसे वक्त में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट 32 नाटो देशों में भारतीय निर्यात पर सौ प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दे रहे हैं, जिस वक्त में यूरोपियन यूनियन भारतीय तेल कंपनियों पर प्रतिबंध आयद करने का फैसला ले रही हैं। ठीक उसी वक्त में नाटो सैन्य संगठन का एक प्रमुख सदस्य देश और यूरोप का सिरमौर देश ब्रिटेन राष्ट्रपति ट्रंप, नाटो चीफ मार्क रूट और यूरोपियन यूनियन की धमकी को एकदम से दरकिनार करते हुए भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता अंजाम दे देता है। इससे भारतीय निर्यात पर पश्चिमी देशों द्वारा विशाल टैरिफ आयद करने की धमकियों का कुहासा यकायक ध्वस्त होने लगता है। 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप नहीं ले पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक है। लेबर पार्टी अपने बुनियादी चरित्र में एक वामपंथी पार्टी रही है, अतः वह अमेरिकी नीतियों का अंधानुकरण नहीं किया करती है।

## अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्तिशाली बनेंगे

ब्रिटेन के साथ भारत के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संबंध को और अधिक शक्तिशाली बनाने में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भविष्य में बड़ा किरदार रहेगा। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय आर्थिक और कूटनीतिक वार्ताएं शनैः शनैः कदमताल करते हुए तीन वर्षों तक मंथर गति से कभी रुक गई थी और फिर कभी चल पड़ी थी। आखिरकार 15 राउंड तक चली द्विपक्षीय वार्ताओं के पश्चात 24 जुलाई को मुक्त व्यापार समझौते को भारत और ब्रिटेन द्वारा अंतिम पड़ाव तक पहुंचा दिया गया। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की ओर से जोनाथन रोनाल्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत ब्रिटेन व्यापार समझौते के महत्व को इस तथ्य से बाकायदा समझा जा सकता है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर विद्यमान रहे और समझौते पर दस्तखत हो जाने के पश्चात प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फरमाया कि यह समझौता केवल आर्थिक साझेदारी का ही नहीं है, वरन् साझा समृद्धि की भी एक कार्य योजना है। यह समझौता दोनों देशों के मध्य



व्यापार बाधाओं को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। साथ ही भारत और ब्रिटेन के मध्य तकनीकी सहयोग, नवाचार और पूंजी निवेश की राह को प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के मध्य 25.5 अरब पौंड अर्थात 5 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक व्यापार है।

## पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होगा व्यापार

इस समझौते के बाद यह उम्मीद जताई गई है कि यह परस्पर व्यापार आगामी 5 वर्षों के अंदर बढ़कर दोगुना हो जाएगा। आजकल ब्रिटेन को भारत का निर्यात तकरीबन तीन लाख करोड़ का है, जबकि ब्रिटेन का भारत को निर्यात लगभग दो लाख करोड़ का है। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में अनेक पहलू विद्यमान हैं। सबसे पहला पहलू है कि भारत द्वारा ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले 99 प्रतिशत सामान पर कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए गए 90 प्रतिशत सामान पर भी कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले सामान मुख्यतः भारत के कृषि उत्पाद जैसे फल, सब्जियां, हल्दी, काली मिर्च, इलायची आदि, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड) , समुद्री उत्पाद झींगा,टूना मछली का चारा, टेक्सटाइल हस्तशिल्प सामान, फुटवियर, हीरे-सोने की ज्वेलरी, फार्मा, जेनेरिक दवाएं, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स आदि पूरी तरह से आयात शुल्क (टैरिफ) से मुक्त हो जाएंगे। अतः इन सभी भारतीय सामानों के लिए ब्रिटेन में एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी तक ब्रिटेन के बाजार चीन के माल से लबरेज रहते हैं। भारतीय निर्यात के लिए ब्रिटेन में आयात शुल्क (टैरिफ) मुक्त हो जाने के कारण भविष्य में भारतीय सामान यकीनन चीन के सामान को कड़ी टक्कर दे सकेंगे। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं में स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। आगामी 10 वर्षों में शनः शनः स्कॉच व्हिस्की पर भारत में टैरिफ घटाकर 40 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात की जाने वाली ऑटो कारों पर भी टैरिफ 100 प्रतिशत से घटाकर आगामी दस वर्षों में 10 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा।

## आटो इंडस्ट्री को मिलेगी प्रतिस्पर्धा

आने वाले दौर में भारतीय ऑटो इंडस्ट्री को यकीनन ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की अत्यंत कड़ी चुनौती का मुकाबला करना पड़ेगा। संभव है कि ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की चुनौती भारतीय आटो इंडस्ट्री के लिए वरदान साबित हो जाए और भारत की ऑटो इंडस्ट्री ब्रिटेन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्मित हो सकती है। भारतीय इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के ब्रिटिश बाजार में पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि इन पर से आयात शुक्ल काफी कम कर दिया गया है। भारत की विदेशी शराब इंडस्ट्री को ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की से टैरिफ सौ प्रतिशत तक घटाए जाने के कारणवश नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसके लिए भारत सरकार को भारतीय स्कॉच व्हिस्की पर भी एक्साइज ड्यूटी घटानी पड़ सकती है। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाले मेडिकल उपकरणों, एयरोस्पेस पार्ट्स, चॉकलेट और बिस्किट पर भी टैरिफ घटा दिया गया है। भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखते हुए भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को कदाचित खोला नहीं गया है। व्यापार समझौते का दूसरा पहलू है कि भारत के लिए ब्रिटेन ने अपना सर्विस सेक्टर पूरी तरह से खोल दिया है। सर्विस सेक्टर पर व्यापक डील भी होगी। ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के लीडरों द्वारा सर्विस सेक्टर को भारत के लिए खोल देने पर सख्त एतराज का इजहार किया गया और आशंका जताई कि इस कदम से ब्रिटेन में बेरोजगारी में इजाफा हो जाएगा। किंतु ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनाल्ड ने विपक्षी लीडरों की इस आशंका को सिरे से खारिज कर दिया। भविष्य में भारतीय वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर टेक्नीशियन आदि आसानी से इंग्लैंड में काम कर सकेंगे। भारतीय कामगारों को ब्रिटेन की सामाजिक सुरक्षा योजना में तीन वर्षों तक अपनी आमदनी से कोई अनुदान राशि जमा नहीं करनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि व्यापार समझौते से पहले भारतीय कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना में केवल एक वर्ष तक अंशदान करने से छूट प्राप्त थी। इस अंशदान छूट से भारतीय कामगारों को और भारतीय कंपनियों को फायदा हो जाएगा। यूरोपियन यूनियन का परित्याग करने के (ब्रेक्जिट) तत्पश्चात ब्रिटेन को आर्थिक तौर पर नए सशक्त साझीदार की तलाश थी। व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कंपनियों को रक्षा, ऊर्जा, फार्मा, ऑटो इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में भारत में निवेश करने के अवसर फराहम किए गए हैं। अनेक जाने-माने अर्थशास्त्रियों का मत है कि भारत के मुकाबले में ब्रिटेन एक विकसित अर्थव्यवस्था है। हालांकि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था की हालत आजकल खस्ता चल रही है। तमाम आर्थिक तरक्की के बावजूद अभी तक भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन और भारत के लिए आयात शुल्क (टैरिफ) की दरों को तकरीबन समान स्तर पर ला दिया गया है। ऐसी स्थिति में विकसित अर्थव्यवस्था वाला ब्रिटेन खुली प्रतिस्पर्धा में भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था को गहन क्षति पहुंचा सकता है। ब्रिटेन से भारत को निर्यात किए गए सामान पर औसतन आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर केवल 3 प्रतिशत तक रह जाएगा। उन्नत ब्रिटिश कंपनियों के लिए अपना सामान बेचना अत्यंत आसान हो जाएगा। यह तो भविष्य ही बताएगा कि भारत की अपेक्षाकृत कमजोर कंपनियां उन्नत ब्रिटिश कंपनियों को कहां तक कड़ी टक्कर दे सकेंगी। ब्रिटेन में निर्मित वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, शराब, मांस, बिस्किट चॉकलेट आदि भारतीय बाजारों मे तहलका मचा सकती है।

## पूंजी निवेश से भारत में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

इस धारणा के एकदम विपरीत कुछ अर्थशास्त्री का विचार है कि ब्रिटिश कंपनियों के द्वारा भारत में किए जाने वाले पूंजी निवेश से भारत में रोजगार में जबरदस्त अवसर उत्पन्न हो जाएंगे। भारतीय कंपनियों का ब्रिटेन में आसान प्रवेश भी भारत के लिए तकनीकी क्षेत्र में शानदार तरक्की की राह प्रशस्त कर देगा। भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों द्वारा प्रकट की गई परस्पर सहयोग की प्रबल भावना यदि शिक्षा और रक्षा क्षेत्रों में वास्तव में साकार हो उठेगी तो फिर भविष्य में एक शानदार इतिहास रचा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी लेनी पड़ेगी जो की लेबर पार्टी के ब्रिटिश संसद में विराट बहुमत के कारण आसानी से हासिल हो जाएगी। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को व्यवहारिक तौर से लागू होने में तकरीबन और एक वर्ष लग सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूरोपीय यूनियन के मध्य विगत 18 वर्षों से ट्रेड डील पर वार्ताएं चलती रही हैं, किंतु अभी तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ सका। भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील को कम ही वक्त लगा है। सितंबर में भारत व ईयू एफटीए संभव है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ट्रेड वार समस्त दुनिया के विरुद्ध शुरू कर दी गई है। इसका सीधा नतीजा सामने आया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगा कर हिचकोले खाने लगी है। दुनिया के ज्यादातर देशों को प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका धमकी दे रहा है और इससे उनको आर्थिक नुकसान हो सकता है। अतः भारत व ब्रिटेन के मध्य एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते की वार्ताएं निरंतर जारी हैं। इस समझौते के तहत भारत और ब्रिटेन के मध्य खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा। आर्थिक अपराधियों और नृशंस अपराधियों का प्रत्यर्पण संभव हो सकेगा। इस समझौता वार्ता के लागू के बाद ब्रिटेन में रहने वाले भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारत लाना आसान हो जाएगा। भारत को ब्रिटेन से कार्बन कर छूट भी प्राप्त करना चाहिए।

# भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ेंगे आपसी व्यापार



**आर्थिकी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर की मौजूदगी में 24 जुलाई को हस्ताक्षर हुए हैं। पूरी दुनिया की निगाहें इस समझौते पर इसलिए लगी रही, क्योंकि भारत बढ़ते भूराजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए की अंतिम कवायद में लगा है।

भारत-ब्रिटेन का यह एफटीए इसी वर्ष दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत का ब्रिटेन के साथ यह अब तक का ऐसा ऐतिहासिक एफटीए है, जो दुनिया के प्रमुख देशों के लिए भारत के साथ तत्परता से मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर आगे बढ़ने की नजीर बनते हुए दिखाई दे रहा है। इस एफटीए से भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस एफटीए से दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। महत्वपूर्ण है कि हाल ही में जब अमेरिका-चीन में नई सुलह के बाद अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर आयात शुल्क घटा दिए हैं, तब भारत के द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से बढ़ना लाभप्रद दिखाई दे रहा है।

## शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा

इस एफटीए से ब्रिटेन के बाजारों में भारत को लगभग 99 फीसदी उत्पादों पर शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा और भारतीय वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में चीनी उत्पादों और अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। एफटीए उभरते उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ मदद मिलेगी।

## कृषि उत्पादों पर रियायत नहीं

खास बात यह है कि भारत संवेदनशील क्षेत्रों- डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। एफटीए ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच तैयार करेगा। कम टैरिफ और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार



सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाएगी। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो यूरोप में भारत का सबसे बड़ा दवा निर्यात गंतव्य बना हुआ है। शुल्क मुक्त पहुंच से प्लास्टिक, फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर के लिए ब्रिटेन की मजबूत मांग का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है। भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

## सामाजिक सुरक्षा समझौते

यह भी उल्लेखनीय है कि एफटीए के साथ ही दोनों देशों ने दोहरे अंशदान समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी मुहर लगाई है। इस समझौते से ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। इस करार से ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। तमाम ब्रिटिश व भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। ब्रिटेन ने ब्रिटिश उत्पादों खासतौर से खाने के सामान से लेकर पेय पदार्थ के लिए भारत की उपभोक्ता प्रधान अर्थव्यवस्था और 140 करोड़ से अधिक ग्राहकों के बड़े बाजार तक सरल पहुंच निश्चित की है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका द्वारा लागू की जा रही संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल को देखते हुए भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में तत्परता दिखाई है।

## यह करार मील का पत्थर

यह भारत के साथ ब्रिटेन की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के ब्रिटेन के महत्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा भी है। इस एजेंडे के तहत ब्रिटेन भारत को विश्व के महाशक्ति देशों के बीच अहम स्थान प्रदान करता है। उम्मीद करें कि यह मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा। ब्रिटेन के साथ भारत का एफटीए अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे बड़े देशों के साथ चल रही एफटीए वार्ताओं में एक मॉडल के रूप में काम करेगा और अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

## समझौते से भारत को लाभ

एफटीए के तहत 6.5 अरब डॉलर यानी 45 प्रतिशत भारतीय निर्यातों (वस्त्र, जूते, कालीन, वाहन, समुद्री भोजन, अंगूर एवं आम जैसे उत्पाद) को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। पहले इन पर चार प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक शुल्क लगता था। शेष आठ अरब डॉलर के उत्पाद (पेट्रोलियम, दवा, हीरे और विमान के पुर्जे) को पहले से ही शून्य शुल्क पर पहुंच हासिल है। ब्रिटेन ने चावल जैसे कुछ कृषि उत्पादों को छोड़कर सभी भारतीय वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने पर सहमति जताई है।

## समझौते से ब्रिटेन को लाभ

ब्रिटेन से भारत को होने वाले 8.6 अरब डॉलर के निर्यात पर 94 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क लगता है। एफटीए में भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा। साल्मन मछली, विमान के पुर्जे, मशीनरी जैसे 64 प्रतिशत ब्रिटिश सामान पर तुरंत शुल्क हट जाएगा। 26 प्रतिशत वस्तुओं पर अगले 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से शुल्क हटाया जाएगा।

# एफटीए डील से किसानों को होगा लाभ



**कृषि क्षेत्र**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार के लिए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत की कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बना है। इस समझौते ने कृषि-निर्यात, मूल्य-वर्धित उत्पादों और ग्रामीण समृद्धि में एक बड़ी छलांग के लिए मंच तैयार किया है। यह समझौता भारतीय कृषि, समुद्री उत्पाद, वस्त्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए ब्रिटेन के बाजारों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करेगा। इससे भारतीय निर्यात में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कई उत्पाद भारत में और भी सस्ते हो जाएंगे। भारत का दावा है कि यह समझौता वर्ष 2030 तक भारत-ब्रिटेन व्यापार को दोगुना यानि 60 अरब डॉलर से 120 अरब डॉलर तक कर देगा। ज्ञात है कि कृषि ग्रामीण भारत की आजीविका और आर्थिक सुरक्षा की आधारशिला है, इसलिए भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते में किसानों के हितों का विशेष ख्याल रखा गया है। मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय कृषि उद्योग को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक पहुंचने में मदद मिलेगी। एफटीए से सबसे बड़ा फायदा भारतीय किसानों को मिलेगा, क्योंकि इनके उत्पाद अब प्रीमियम ब्रिटिश बाजार तक आसानी से पहुंच पाएंगे। कुछ प्रमुख फसलों पर अब टैरिफ खत्म किया गया है। लगभग 95 फीसदी कृषि शुल्क लाइनों पर जीरो ड्यूटी फीस का प्रावधान किया गया है। खेती-किसानी के क्षेत्र से जुड़ी जिन भारतीय फसलों और वस्तुओं पर जीरो ड्यूटी का प्रावधान है, उससे भारतीय उत्पादों को यूके के मार्केट में लैंडिंग लागत में कमी आएगी और भारतीय किसानों की आय बढ़ेगी।

## कृषि क्षेत्र के लिए अवसर

गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए प्रोत्साहन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगे। जीरो ड्यूटी वाली फसलें और पदार्थों में हल्दी, काली मिर्च, इलायची, आम का गूदा, अचार, दालें, फल, सब्जियां और अनाज, मसाला मिश्रण और खाने के लिए तैयार भोजन शामिल हैं। ये सामान ड्यूटी फ्री होकर यूके पहुंचेंगे। इससे पहले किसानों को अपनी आय का एक हिस्सा एक्सपोर्ट ड्यूटी के तौर पर देना होता था। ये ड्यूटी फ्री होने के बाद किसान टैक्स की चिंता छोड़ सकेंगे। उन्हें यूके के मार्केट्स में अपने प्रोडक्ट्स का पहले से बेहतर दाम मिल सकेगा।

## यूके में प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी

इस समझौते के बाद यूके में एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स की लैंडिंग कॉस्ट कम हो जाएगी। इस कारण रिटेल चेन और मेनस्ट्रीम मार्केट के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे भारतीय किसानों को यूके के मार्केट में उनके प्रोडक्ट्स की प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी। डील के जरिए बाजरा, जैविक जड़ी-बूटियां जैसे नए प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट के मौके मिलेंगे। इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। भारत ग्लोबल लेवल पर एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट करता है। इसमें ब्रिटेन को उसका एक्सपोर्ट करीब सात हजार करोड़ रुपये का है।



ब्रिटेन को भारतीय किसानों के लिहाज से हाई वैल्यू मार्केट माना जाता है। इतना ही नहीं, ड्यूटी फ्री होने से अगले तीन साल में एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट में 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है। इस डील से ये लक्ष्य पूरा हो सकेगा। अभी भारत से भेजे जाने वाले प्रोडक्ट्स पर लगभग चार से आठ प्रतिशत तक एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती है। कृषि के क्षेत्र में ब्रिटेन 37.52 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का आयात करता है, जबकि भारत से आयात केवल 81.1 करोड़ डॉलर का ही होता है। लेकिन एफटीए लागू होने के बाद भारत के किसानों के उत्पादों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाजारों को खोलेगा। उच्च-मार्जिन वाले ब्रांडेड उत्पादों जैसे कॉफी, मसाले, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी मदद मिलेगी। देश के विभिन्न राज्यों के किसानों को एफटीए से लाभ होने की संभावना है। बासमती चावल उत्पादक पंजाब और हरियाणा, अंगूर और प्याज उत्पादक महाराष्ट्र, मूंगफली व कपास उत्पादक गुजरात, मसाला उत्पादक केरल और बागवानी के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा। वहीं एफटीए से भारत के मत्स्य उद्योग को भी बड़ा फायदा होगा, खासकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु जैसे तटीय राज्यों में। झींगा, टूना, फिशमील और पशु आहार जैसे 99 फीसदी समुद्री उत्पादों पर अब कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा, जबकि अभी इन पर 4.2 से 8.5 फीसदी ड्यूटी लगती है। इससे भारत के समुद्री उत्पादों के निर्यात को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। ब्रिटेन का समुद्री आयात बाजार 5.4 अरब डॉलर का है, जो भारत के ब्लू इकॉनमी के लिए बड़ा मौका है। इसके अलावा यह समझौता भारत के कॉफी, चाय, मसाले और अन्य पेय पदार्थों जैसे ब्रांडेड उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा देगा। अभी भारत की कुल कॉफी निर्यात में यूके की हिस्सेदारी 1.7 फीसदी, चाय में 5.6 फीसदी और मसालों में 2.9 फीसदी है। शुल्क खत्म होने से ये सेक्टर तेजी से बढ़ेंगे। खासकर भारतीय इंस्टेंट कॉफी को जर्मनी और स्पेन जैसे यूरोपीय देशों से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर ये कहा जा रहा है कि एफटीए से भारत के कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के लिए ब्रिटिश बाजार में नये अवसर पैदा होंगे। इस समझौते के बाद न केवल मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भारतीय कारीगरों, बुनकरों, दिहाड़ी मजदूरों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फिर भी ऐसा नहीं है कि इस डील में सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। हर डील के अच्छे और बुरे पक्ष होते हैं। ऐसे में इस डील के भी कुछ नुकसान हैं, खासकर भारत के कुछ सेक्टरों के लिए। डेयरी और पोल्ट्री उद्योग को ब्रिटेन से सस्ते आयात का खतरा हो सकता है, क्योंकि ब्रिटेन ने अपने डेयरी उत्पादों के लिए बाजार में पहुंच की मांग की है। भारत ने अभी डेयरी क्षेत्र तक ब्रिटेन को पहुंच नहीं दी है।

## दुग्ध किसानों पर संकट का भय

भारतीय दुग्ध किसानों का कहना है कि सस्ते आयात से स्थानीय उत्पादकों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। सुनने में यह आकर्षक लगता है, खासकर जब 99 फीसदी भारतीय निर्यातों को ब्रिटिश बाज़ार में ड्यूटी-फ्री प्रवेश और 90 फीसदी ब्रिटिश आयातों पर औसत शुल्क 15 फीसदी से घटाकर तीन फीसदी किया गया है। लेकिन क्या यह व्यापार को वास्तव में पांच साल में दोगुना करने के लिए पर्याप्त है? व्यापार के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं वित्त वर्ष-23 में व्यापार में वृद्धि, 16.8 फीसदी, वित्त वर्ष-24 में गिरावट 4.8 फीसदी, वित्त वर्ष-25 में मामूली सुधार 8.5 फीसदी सेवा क्षेत्र के व्यापार के आंकड़े तो मौजूद ही नहीं हैं, ऊपर से अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ युद्ध ने वैश्विक व्यापार को पहले ही संकट में डाल दिया है।

## संक्षेप

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

**महिला की मौत, छह लोग घायल, चालक की हालत गंभीर**

सुलतानपुर, हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी पर रविवार को एक कार खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। दिल्ली से बिहार जा रही कार में सवार सात लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी सीएचसी कुमारगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर गांव निवासी नवनीत (19) अपने परिवार के साथ दिल्ली से बिहार जा रहे थे। उनके साथ भाई विपिन (25), हिमांशु (21), बहन कुमारी जया (17), माता नीलू (55) और साथी प्रेम (23) थे। कार को कन्नौज जिले के सौरिक थाना क्षेत्र के खेड़ा रायपुर निवासी दीपू चला रहा था। जैसे ही कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी पर पहुंची, वह अचानक सामने खड़ी एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रोटरी क्लब 55वां अधिष्ठापन समारोह

**अखिल अग्रवाल बने अध्यक्ष, डॉ. अभिषेक पांडेय सचिव नियुक्त**

सुलतानपुर, रोटरी क्लब का 55वां अधिष्ठापन समारोह होटल गार्डन व्यू में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन केके श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि सह मंडलाध्यक्ष रो. नीरव पांडेय रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूर्व अध्यक्ष रो. संजय केसरवानी ने क्लब की सामाजिक उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब सुल्तानपुर ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विशिष्ट पहचान बनाई है। रो. विजय सेठ ने रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित अध्यक्ष रो. अखिल अग्रवाल और सचिव रो. डॉ. अभिषेक पांडेय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नो प्लास्टिक अभियान के तहत पर्यावरण अनुकूल बैग का अनावरण किया गया। इसे आम जनता के बीच निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

### सुल्तानपुर में जमा हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**सदस्यता अभियान चलाया, व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा**

सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जयसिंहपुर तहसील के बगिया चौराहे बाजार में व्यापारी बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने की। संचालन तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। रविंद्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, संगठन की वास्तविक ताकत उसके सदस्य हैं।

# प्राचार्य डायट पयागपुर आशीष कुमार सिंह ने नव चयनित सन्दर्भदाताओं को पढ़ाया निपुणता का पाठ

## डायट पयागपुर में नव चयनित एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन तथा शिक्षकों के शैक्षिक सपोर्ट हेतु जनपद के विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारी, अकादमिक रिसोर्स पर्सन एआरपी ,एसआरजी,व डायट मेंटरों की मासिक समीक्षा बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर में आयोजित की गई। प्रभारी डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर विद्यालयों की शैक्षिक प्रगति की विकास खंडवार समीक्षा की गई।इस दौरान विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों के नियमित क्रियान्वयन हेतु प्रभावी रणनीतियों, शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव, शिक्षक संदर्शिकाओं के नियमित उपयोग, निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों के नियमित आकलन,शिक्षण कार्य में प्रिंटरिच सामग्रियों के नियमित उपयोग, गणित, विज्ञान किट का प्रयोग तथा सुनियोजित प्रयास द्वारा विद्यालयों को निर्धारित समयावधि में निपुण बनाने के निर्देश दिए गए।अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, वह न केवल बच्चों को बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल पाठय पुस्तकों से बल्कि अपने आचरण से भी शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि समस्त एआरपी व एसआरजी साथी टीम भावना से कार्य करते हुए जनपद को शीघ्र ही निपुण जनपद बनाएंगे। उपरोक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरल स्वभाव के धनी खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा अनुराग कुमार मिश्र ने उपस्थित जन समुदाय को बहुत ही सरल तरीके से विद्यालयों को निपुण बनाने की जानकारी साझा की। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह, राम तिलक वर्मा, जितेंद्र बहादुर, डायट मेंटर दशरथ यादव, आशीष कुमार, गोविन्द किशोर, पूनम यादव, राम पाल वर्मा, रमेश यादव, रफऋ मनोज कुमार दीक्षित, प्रीती श्रीवास्तव, सुधीर कुमार मेहरोत्रा, अफढ.कुमार अभय, सुरेश यादव, श्रवण मिश्र, जितेंद्र राय, हरि ओम मिश्र, लक्ष्मी कांत दुवे, शिप्रा शुक्ला, नरेंद्र रॉय, क्षितिज पांडेय, योगेश त्रिपाठी, श्रीश श्रीवास्तव, राशल रघुवंशी, सलीम बाबू सहित दर्जनों सन्दर्भदाता उपस्थित रहे।

# रामजीत हत्याकांडः तकिया की पीड़िता पहुंची मुख्यमंत्री के जनता दरबार, न्याय की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद के तकिया गांव निवासी रामजीत हत्याकांड की पीड़िता पत्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से कहा कि उसके पति की हत्या साजिशन की गई है, लेकिन अभी तक सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन-जिन लोगों की संलिप्तता हत्याकांड में पाई जाए, उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही जांच में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई के संकेत दिए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस मामले को हल्के में ले रही है और आरोपियों को संरक्षण मिल रहा है। उसने कहा कि उसे और उसके परिवार को भी जान का खतरा है। जनता दरबार में मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अब यह देखना होगा कि जिले की पुलिस मुख्यमंत्री के आदेशों पर कितनी तेजी और निष्पक्षता से कार्रवाई करती है। स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि अब रामजीत को जल्द न्याय मिलेगा और दोषियों को कानून के तहत सजा दी जाएगी।

# नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रुपईडीहा रेलवे स्टेशन किए जाने की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रुपईडीहा रेलवे स्टेशन किए जाने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमा शंकर वैश्य ने की है। इस संबंध में उन्होंने भारत सरकार के रेल मंत्री को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का नाम अंग्रेजों के शासनकाल में रखा गया था, जबकि दशकों से स्थानीय स्तर पर इस स्थान को रुपईडीहा नाम से जाना जाता है। सीमा क्षेत्र पर स्थित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी संस्थाओं व कार्यालयों में भी इसका नाम रुपईडीहा के नाम से ही दर्ज है। नेपाल से लेकर भारत के प्रमुख महानगरों तक इस स्थान को रुपईडीहा के नाम से पहचाना जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जब यात्री अन्य राज्यों से रुपईडीहा नाम से टिकट बुक करते हैं तो उन्हें स्टेशन का नाम उपलब्ध न होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिससे उन्हें अन्य विकल्पों से यात्रा करनी पड़ती है। इसलिए उन्होंने रेल मंत्री से निवेदन किया है कि अंग्रेजों के जमाने के नेपालगंज रोड नाम को परिवर्तित कर इसे रुपईडीहा रेलवे स्टेशन नाम देने की कृपा करें, जिससे आम जनता और यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, सांसद और मंडल रेल प्रबंधक को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।

# पति को न्याय दिलाने के लिए भटक रही पत्नी

## मुख्यमंत्री के दरबार मे लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहिया के मजरा तकिया गांव निवासी रामजीत गौतम हत्याकांड की पीड़िता पत्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के मुख्यमंत्री जनता दरबार में पहुंचने से मामला एक बार फिर गरमा गया है।

जानकारी के लिए बताते चले रामजीत गौतम पुत्र कैलाश गौतम (28) का विवाद बिगत 12 जुलाई को गांव के ही कुछ लोगों से हों गया था। विवाद इतना बढ़ा कि इन विपक्षियों ने रामजीत की पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हों गया।मारपीट की चीखपुकार सुनकर जब तक ग्रामीण व उसके परिजन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचें दबंगो ने रामजीत को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हों गए। चोटिल रामजीत की जिला हॉस्पिटल बहराइच में इलाज के दौरान मृत्यु हों गई थी।पीड़िता के तहरीर पर सुरेश कुमार पुत्र दुःखी लाल व दीपचंद पर मामला पंजीकृत कराते हुए संतोष, राजेश व रियाज के नाम पीड़िता ने अपने बयान में अन्य नाम दर्ज कराया है। जिसमे सुरेश कुमार को जेल भेजा जा चुका है। चौकी इंचार्ज बाबागंज दीपक सिंह ने बताया है कि अन्य विविध कार्यवाही गतिमान है। एक अन्य आरोपी दीपचंद को सरेंडर कराया जा चुका है।

# रक्षाबंधन पर्व पर जिला कारागार में एक विशेष सेवा कार्यक्रम होगा आयोजित

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



बहराइच। रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर जिला कारागार बहराइच में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की टीम ने जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह से औपचारिक भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। टीम ने बताया कि इस वर्ष 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समिति की ओर से जेल में बंद बंदियों से मिलने आने वाली बहनों के लिए निःस्वार्थ सेवा भाव से जलपान की सूक्ष्म एवं सम्मानजनक व्यवस्था की जाएगी।यह कार्यक्रम समिति द्वारा हर वर्ष रक्षाबंधन पर नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य बहनों को सम्मान और सहयोग प्रदान करना है ताकि वे सहजता से अपने भाइयों को राखी बांध सकें। जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने समिति के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समिति की स्थानीय टीम सक्रिय रूप से भाग लेगी और यह पहल समाज में सकारात्मक सोच और भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। इस मौके पर समिति के जिला सचिव केशव कुमार मौर्य /जेल विजीटर, जिला उप सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधान, नगर संगठन मंत्री रमेश कुमार मिश्रा, संरक्षक एसपी मिश्रा जिला संगठन मंत्री ओमकार नाथ मिश्रा मौजूद रहे।

# कतर्नियाघाट में मनाया गया अंतरष्ट्रीय बाघ दिवस

## वन्य जीव प्रेमियों ने बच्चों के साथ मानव और बाघों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह अस्तित्व पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

- छह विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम में किया प्रतिभाग
- नेचर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन
- कतर्नियाघाट नेचर इंटरपेटेशन सेंटर एवं घाट पर चला सफाई अभियान
- डीएफओ ने तराई टाइगर प्रोजेक्ट के तहत जन जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झंडी
- बाघ संरक्षण हेतु एनिमेटेड शार्ट फिल्म किनारा तथा टाइगर सांग का हुआ प्रसारण




बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पर कतर्नियाघाट के ईको अवेयरनेस सेंटर पर प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग सूरज की अध्यक्षता में प्रभाग के विभिन्न विद्यालय के बच्चों के साथ बाघ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सेमरहना, अमृतपुर, धमार्पुर, सुजौली, मटेही और गिरिजापुरी विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन कतर्नियाघाट प्रभारी रेन्जर दीपक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर ने बताया कि बाघ हमारी संस्कृति व सभ्यता से जुड़ा है। हमे इसके संरक्षण पर काम करना है इसको बचाना है उन्होंने बाघ संरक्षण से जुड़े विभिन्न जानकारियों को साझा किया। छात्रों से नेचर क्विज प्रतियोगिता कराई गई एवं बाघ से जुड़ी जानकारी एवं वन्य जीवन से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। राजकीय विद्यालय मटेही के टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा स्थान जूनियर हाई स्कूल सुजौली की टीम ने प्राप्त किया तीसरा स्थान शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी को मिला। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बच्चों को पुरूस्कृत किया गया एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रभागीय वनाधिकारी सूरज कुमार द्वारा तराई टाइगर प्रोजेक्ट के प्रहरी कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई गई और कहा कि स्थानीय समुदाय और स्वयं सेवी संस्थाओं तथा मीडिया की बाघ संरक्षण में बड़ी भूमिका है तथा स्कूल के शिक्षक और छात्र इस कार्य में बहुत सहयोग कर सकते हैं इसलिए उनको बड़े स्तर पर जागरूक किया जा रहा है उन्होंने बाघ मित्रों से सीधा संवाद किया तथा उनकी भूमिका को स्पष्ट किया उन्होंने बाघ मित्रों की समस्याओं को भी सुना एवं उनके निराकरण हेतु शीघ्र डब्लूडब्लूएफ और रेंज स्टाफ से समन्वय कर उनके और सक्रिय योगदान की अपेक्षा किया और मानव वन्यजीव संघर्ष को न्यून कर वन्य जीवों के साथ सह अस्तित्व पर बल दिया। जोकि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के काम आएगा। डीएफओ ने भी बच्चों को बाघों के संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। वन्य जीव प्रतिपालक संतोष कुमार ,एसओएस टाइगर के फैज खान, भगवानदास लखमानी, डब्ल्यूटीआई के फील्ड ऑफिसर अर्चित मिश्र फील्ड ऑफिसर राघवेंद्र प्रताप सिंह गोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम में निशानगाड़ा रेन्जर सुरेन्द्र श्रीवास्तव, रेन्जर ककरहा डीपी कनौजिया, रेन्जर सुजौली रोहित कुमार, मोतीपुर रेन्जर सुरेन्द्र कुमार तिवारी, डिप्टी रेंजर मयंक पांडेय, डब्लू डब्लू एफ के फील्ड सहायक मंसूर अली, डब्लू टी आई के फील्ड सहायक संतराम व बाघ मित्रो की टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर आशा देवी, गुड़िया, संदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पत्नी ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना बेहटा मुजाबर क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक संतोष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसका शव मंगलवार सुबह आशायश गांव स्थित गोवर्धनी देवी मंदिर के सामने पड़ा मिला।मृतक की पत्नी पूनम इसे हत्या बता रही है। उसके अनुसार, दो दिन पूर्व संतोष का गिरजा भगत से झगड़ा हुआ था। वहीं मृतक की मां का कहना है कि पिछले सात दिनों से संतोष लगातार अधिक शराब पीता था। नशे में होने पर वह इधर-उधर पड़ा रहता था। उसे अक्सर पत्नी और बच्चे उठाकर घर लाते थे।संतोष के परिवार में पत्नी पूनम और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी खुशबू 10 वर्ष और छोटी बेटी पुष्पा 2 वर्ष की है। मृतक के चाचा शिवराज ने इसे दुर्घटना बताया है। इस घटना को लेकर गांव में कई तरह की चचार्एं हो रही हैं।संतोष कल शाम सात बजे घर से निकला था। उसके बाद बारिश होने लगी थी। बारिश के कारण घर से कोई सदस्य उसे ढूंढने नहीं गया। सुबह होने पर सभी को घटना की जानकारी मिली।थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना प्रतीत हो रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित लोडर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर बौनामऊ के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊमर निवासी आशीष गौतम पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही सड़क पर निकला, उन्नाव की ओर जा रहे एक लोडर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना के समय आशीष हेलमेट नहीं पहने थे। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशीष किसानी का काम करते थे और नागपंचमी के पर्व को लेकर त्योहारी देने के लिए अपने पिता बद्री गौतम के साथ गए थे। सदर कोतवाली के राजेपुर में पिता के रुकने के बाद वह शाम करीब 6 बजे अकेले बाइक से घर लौट रहे थे। माखी थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया है।

# दीवार कूदकर घुसा युवक

**लंभुआ में महिला की बहन को खेत में खींचा, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के दो मामले**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, जिले के गोसाईगंज और लंभुआ थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना प्रभारी को शिकायत दी है। पीड़िता ने बताया कि उनके पति रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हुए हैं। वह अपने छोटे बच्चों और वृद्ध सास के साथ घर में रहती हैं। वह खाना खाकर सो रही थीं, तभी अकील पुत्र मोहम्मद कदीर उनके घर की दीवार कूदकर अंदर घुस आया। अकील ने बुरी नियत से उसको पकड़कर खींचना शुरू कर दिया। पीड़िता के जागने और शोर मचाने पर वह धक्का देकर भाग निकला। पीड़ित महिला ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस अकील के घर गई, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। अगले दिन सुबह जब पीड़ित महिला उलाहना देने अकील के घर गईं, तो अकील और उसकी बुआ रोजीना बानो ने उन्हें गालियां दीं। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि अगर वह कहीं शिकायत करेगी तो उसे जान से मार देंगे। एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है। दूसरा मामला लंभुआ का है जहां एक महिला ने आरोप लगाया कि 24 जुलाई की शाम वह अपनी बहन और 15 वर्षीय पुत्री भारत के साथ शौच के लिए बाहर गई थी।

# महिला सभा ने मौलाना साजिद के खिलाफ मुकदमे की मांग

**डिम्पल यादव पर अमर्यादित टिप्पणी का विरोध, कार्यकताओं ने कहा – सम्मान से समझौता नहीं**

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, समाजवादी पार्टी और महिला सभा के कार्यकताओं ने सांसद डिम्पल यादव पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कार्यकर्ता लोहिया ट्रस्ट स्थित पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी सोमेन बर्मा को संबोधित मांग पत्र क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला को सौंपा। पत्र में मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाही की मांग की गई है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून को अपना काम करना चाहिए और दोषी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महिला सभा की जिलाध्यक्ष परवीन बानो ने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी के बयान ने न सिर्फ समाज के सांप्रदायिक सौहार्द को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि इस बयान ने महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर भी प्रश्न चिह्न खड़ा किया है। उनके अनुसार, डिम्पल यादव करोड़ों महिलाओं की प्रेरणास्रोत हैं। परवीन बानो ने कहा कि उनके खिलाफ इस प्रकार की मानसिकता खतरनाक है। यह अपमान सिर्फ डिम्पल यादव का ही नहीं बल्कि समस्त नारी शक्ति का अपमान है।

इस प्रदर्शन में कीर्ति कोल, शीला गोंड, वंदना गुप्ता, मेवालाल प्रजापति, संतोष गोयल, कौशिक कनौजिया, धनंजय सिंह, अमरनाथ चक्रवाल, रामजी बिंद, राजकुमार यादव, चिंतामणि यादव, नंदू यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चोर समझकर युवक की हत्या

**लाठी-डंडों से मारा, इलाज के दौरान मौत; किन्नरों ने थाने के सामने कपड़े उतारकर किया प्रदर्शन**

मेरठ, लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के शौकीन गार्डन में एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई है। युवक फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाला था। लेकिन लोगों ने उसे ड्रोन उड़ाने वाला और बच्चा चोर समझकर इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। वहीं इस पूरी घटना के बाद किन्नरों ने जमकर विरोध किया। किन्नरों ने लिसाड़ी गेट थाने के सामने कपड़े उतारकर प्रदर्शन किया है। लोगों ने युवक की चोर समझकर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। पांच बजे कॉलोनी के लोगों ने दो युवकों पर रात में ड्रोन उड़ाने और बच्चों के अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाया। इस दौरान एक युवक तो भागने में सफल रहा। लेकिन दूसरे युवक को कॉलोनी वासियों ने पकड़ लिया। सैकड़ों लोगों ने उसे लाठी-डंडों और ईंटों से बुरी तरह पीटा। युवक मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया। जानकारी मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन वह भी युवक को नहीं बचा पाई। आरोपी पुलिस के सामने भी युवक को पीटते रहे। बाद में थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद शौकीन गार्डन कॉलोनी के लोग थाने पहुंच गए। उन्होंने पुलिस पर युवक को छोड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान किन्नरों ने भी जमकर हंगामा किया। उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए और सड़क पर लेट गए। जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने दो थानों की पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। थाना पुलिस का कहना है कि किन्नरों के विवाद में युवक की हत्या की गई है। मामले की जांच जारी है।

### स्कूल बंदी के विरोध में आप का प्रदर्शन

**शंख बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश, स्कूल परिसर में चलाया सफाई अभियान**

मेरठ, उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने ढपोरशंखों को जगाओ, शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान शुरू किया है। पार्टी कार्यकताओं ने प्राथमिक विद्यालय गोटका पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 27308 शराब की दुकानें खोल रही है। उनके अनुसार आम आदमी पार्टी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी। प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह के आान पर पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने स्कूल परिसर में सफाई अभियान भी चलाया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय गोटका में उगी हुई घास की कटाई कर परिसर को स्वच्छ बनाया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह उन स्कूलों के लिए है जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह केवल आंशिक राहत है।

# क्षेत्रीय विधायक समेत भाजपाइयों का जत्था पहुंचा योग ग्राम

## अमौली मंडल अध्यक्ष ने योग गुरु बाबा रामदेव को भेंट किया तुलसी वृक्ष

### धार्मिक स्थलों का आशीर्वाद प्राप्त कर मांगी विधानसभा क्षेत्र की उन्नति की दुआ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के साथ विधानसभा की उन्नति को लेकर भाजपाइयों ने उत्तराखंड क्षेत्र का दौरा किया क्षेत्रीय विधायक के साथ अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने हरिद्वार ऋषिकेश पहुंचकर मां मनसा देवी चंडी देवी नीलकंठ जानकी कुंड समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया साप्ताहिक दौरे के अंतर्गत कल हरि की पौड़ी मां गंगा में स्नान कर समूचे विधानसभा की उन्नति की दुआएं मांगी वही हरिद्वार के योग ग्राम पहुंचकर योग गुरु बाबा रामदेव से भेंट की योग ग्राम पहुंचे भाजपाइयों समेत अमौली मंडल अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक ने ऑक्सीजन युक्त तुलसी का पौधा योग गुरु बाबा रामदेव को भेंट किया कुशल क्षेम पूछते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु बाबा रामदेव ने क्षेत्रीय विधायक समेत पार्टी के सभी कार्यकताओं को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया वही जहानाबाद विधानसभा समेत समूचे जनपद की उन्नति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक एवं अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के साथ जिला उपाध्यक्ष महिला महिला मोर्चा सोमवती निषाद सीता देवी विभव सिंह राजकुमार निषाद नरेंद्र निषाद एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे

# पत्नी को चाकू मार पति ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

### सामाजिक आलोचना से क्षुब्ध होकर युवक ने प्राणों को किया न्योछावर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव झाऊपुर मजरे ग्राम पंचायत गोहरारी निवासी 45 वर्षीय युवक सुनील बाल्मीक पुत्र वंशलाल ने घरेलू कलह के चलते ट्रेन में कट कर जान दे दी विश्वस्त सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस घर के लड़ाई झगड़ा के चलते मृतक सुनील वाल्मीकि ने अपनी पत्नी सीमा को चाकू मार दिया जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और शोर मचाया आनन फानन परिजन दौड़कर आए तथा महिला को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ले गए जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला को कानपुर रेफर कर दिया वहीं घटना की जानकारी मिलने पर महिला के पिता देवीदीन वाल्मीकि निवासी रिठवां थाना चांदपुर ने नजदीकी पुलिस चौकी अमौली में महिला उत्पीड़न मारपीट की शिकायत लिखित रूप में दर्ज कराई जिससे महिला के पति सुनील वाल्मीकि को सामाजिक आत्मग्लानि महसूस हुई फल स्वरुप कल मंगलवार को युवक ने नजदीकी जनपद कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थापित बरीपाल रेलवे स्टेशन के सेरसा गांव के समीप ट्रेन में कटकर जान दे दी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस थाना सजेती ने शव को कब्जे में लिया वहीं परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया जहां मृतक के पिता बंशलाल मां गोमती बेटा सुधीर राहुल पुत्री आशिकी आंशी समेत सभी परिजनों में चीख पुकार मची रही सजेती थाना प्रभारी ने शव का पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन ग्रह के लिए रवाना किया मिली जानकारी के अनुसार पिता बंशलाल के मृतक सुनील रामविलास शिव विलास राहुल समेत 9 बेटे थे वही मृतक की पत्नी का उपचार कानपुर अस्पताल में चल रहा है

# कलयुग में हरी नाम संकीर्तन मुक्ति का साधन:कृष्णा महाराज

### सुदामा चरित्र की कथा के साथ भागवत सप्ताह संपन्न

अमन लेखनी समाचार

गुरसराय, झांसी। नगर के मुहल्ला परकोटा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन भगवान कृष्ण के परम सखा सुदामा जी की कथा के साथ भागवत कथा का समापन हो गया। भागवत आचार्य पंडित कृष्णा महाराज ने कहा कि संतोषी ही परम धनवान होता है। इसलिए सुदामा जी परम सन्तोषी होने के कारण परम धनवान थे।

उन्होंने कहा शिक्षा के अनेक गुरु बनाये जा सकते है लेकिन दीक्षा गुरु एक ही होना चाहिए। कलयुग में भगवान का हरी नाम संकीर्तन ही मुक्ति का सरल उपाय है। परमात्मा को भक्ति एवं ज्ञान मार्ग से प्राप्त किया जा सकता है, जिसमे भक्ति मार्ग सबसे सरल उपाय है। भागवत का मूल पाठ बल्लू महाराज ने किया। कथा के समापन पर भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता जमकर नाचे। संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सहगायन पर माधव तबला पर अंकित,पैड पर रमन ने संगत की। कथा की आरती परीक्षित पूरनलाल भगत ने की।इस अवसर पर सुनील महाराज,धर्मेंद्र उर्फ बल्ले सोनी,गौरव चतुर्वेदी,विनोद स्वामी,यशपाल कुशवाहा,राजेंद्र सोनी, प्रमोद शुक्ला,राधेश्याम भगत जी सहित सैकड़ो महिला पुरुष धर्म प्रेमी मौजूद रहे ।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- एक बदमाश घायल, दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। थाना चोला पुलिस और स्वाट टीम ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान ग्राम सिखेड़ा गेट के पास एक संदिग्ध बाइक पर दो व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस जब पूछताछ के लिए उनके पास पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें अलीजान उर्फ काले कबाड़ी घायल हो गया। पुलिस ने घायल अलीजान और उसके साथी रहीस को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अलीजान उर्फ काले कबाड़ी पुत्र यासीन और रहीस पुत्र इस्लाम के रूप में हुई है। दोनों ग्राम लाला मोहम्मदपुर, थाना कंकरखेड़ा, मेरठ के रहने वाले हैं। बदमाशों के कब्जे से कॉपर तार का बंडल, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। साथ ही एक बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक और चोरी करने के उपकरण भी मिले हैं। ये दोनों शातिर चोर और लुटेरे हैं।

इन्होंने 6 जुलाई 2025 को थाना गुलावठी क्षेत्र में निमार्णाधीन तेवतिया कालोनी में लूट की घटना को अंजाम दिया था।

इस संबंध में थाना गुलावठी पर मुकदमा संख्या 282/25 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोनों अपराधियों को जल्द ही न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सानिया हत्याकांड का खुलासा

### प्रेमी से शादी की जिद पर परिवार ने की गला घोंटकर हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पलड़ा गांव में सानिया हत्याकांड का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। प्रेमी के साथ फरार हुई सानिया को परिजन घर लाए थे और उसकी शादी करवाना चाहते थे। लेकिन सानिया अपने प्रेमी सागर से शादी की जिद पर अड़ी रही। इसके बाद सानिया की हत्या का षड्यंत्र रचा गया। उसके ताऊ मतलुब, चचेरे भाई सादिक और अन्य ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सानिया को बचाने के लिए उसकी मां ने आरोपियों के पैर तक पकड़े, लेकिन उन्होंने नहीं छोड़ा। सानिया के पिता बलीस और उसकी मां ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बचाने का प्रयास किया। लेकिन आरोपियों ने तब तक उसका गला दबाया जब तक सांस नहीं रुक गई। सानिया 15 जुलाई को अपने प्रेमी सागर के साथ हिमाचल भाग गई थी। 16 जुलाई को दोनों को हिमाचल से पकड़ लिया गया था। परिवार वालों ने हत्या के बाद शव को कब्रिस्तान में दफना दिया था। आसपास के लोगों को बीमारी से मौत की बात बताई गई थी। सागर के परिवार की शिकायत पर सानिया के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सागर के पिता रामपाल का कहना है कि सानिया के परिजनों ने उनके बेटे की बेरहमी से पिटाई की है। तब से सागर का कोई पता नहीं चल रहा है। रामपाल उसकी तलाश कर रहे हैं।

# बिजली चोरी की जांच करने गई टीम पर कुत्ता छोड़ा

- गाजियाबाद में जर्मन शेफर्ड के हमले से सिपाही घायल, एक आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




मोदीनगर, मुरादनगर की तेलीयान कॉलोनी में बिजली चोरी की शिकायत पर पहुंची विजिलेंस टीम पर जर्मन शेफर्ड कुत्ता छोड़ दिया गया। इस हमले में एक सिपाही घायल हो गया। विद्युत विभाग की टीम इन दिनों बिजली चोरी और बकाया बिल जमा करने का अभियान चला रही है।

विजिलेंस प्रभारी मनु कुमारी के अनुसार, स्थानीय विद्युत विभाग के जेई संजय कुमार और उनकी टीम पुलिस के साथ तेलीयान कॉलोनी में एक मकान पर पहुंची थी। जब राशिद नाम के व्यक्ति ने मकान का गेट खोला, तो टीम ने उसे बताया कि वे बिजली चोरी की शिकायत की जांच के लिए आए हैं। आरोप है कि राशिद ने किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया और गाली-गलौच करने लगा।

जब टीम मकान के अंदर गई तो आरोपियों ने अपना पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ता टीम पर छोड़ दिया। कुत्ते के हमले से कांस्टेबल अमर सिंह घायल हो गए और उनका मोबाइल भी टूट गया। किसी तरह विजिलेंस टीम वहां से जान बचाकर भागी और मुरादनगर थाने में इसकी सूचना दी। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि विजिलेंस टीम की प्रभारी मनु कुमारी की शिकायत पर राशिद और जावेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पुलिस ने राशिद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि जावेद की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# रालोद नेता के सहायक के पिता पर हमला

### जयंत चौधरी के निजी सहायक के पिता संदीप शाह को पेट में लगी गोली, मेरठ रेफर

अमन लेखनी समाचार



बागपत, केंद्रीय मंत्री व रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निजी सहायक के पिता को दो बदमाशों ने गोली मार दी। गोली पेट में लगी है। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शोर सुनकर पास मौजूद मजदूर दौड़े तो हमलावर मौके से भाग निकले। मामला खेकड़ा के बड़ागांव मार्ग पर स्थित ईंट भट्ठे के पास का है। रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निजी सहायक विश्वेंद्र शाह के पिता संदीप शाह पर टहलने निकले थे। इसी समय हमलावरों ने उन पर दो राउंड फायरिंग की। एक गोली से वे बच गए, लेकिन दूसरी गोली उनके पेट के किनारे लगकर निकल गई। घायल संदीप के शोर मचाने पर मजदूर दौड़कर आए, जिससे हमलावर हथियार लहराते हुए भाग गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने संदीप शाह को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही बदमाशों की तलाश में तीन टीमें गठित की गई हैं। पूर्व प्रबंधक रहे संदीप शाह वर्तमान में गांधी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति से जुड़े हैं। उनका प्रबंधक चुनाव को लेकर कुछ लोगों से विवाद भी चल रहा था। फिलहाल पुलिस इसी एंगल समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। संदीप शाह के जमीन पर ईंट भट्ठा संचालित है। उनकी पत्नी अल्का शाह इस समय गांधी इंटर कॉलेज की प्रबंधक हैं। अपने बाद संदीप ने पत्नी को प्रबंधक बनवाया था। जबकि उनका बेटा विश्वेंद्र शाह जयंत चौधरी के निजी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत है। घटना की जानकारी मिलते ही विश्वेंद्र शाह भी खेकड़ा पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। भट्ठा मालिक घनश्याम शर्मा ने बताया कि रोजाना की तरह संदीप शाह भट्टे पर रात्रि में करीब 8 बजे घूमने और एक्सरसाइज करने के लिए आए थे। घनश्याम शर्मा ने बताया कि वह अपने भट्ठे पर मुनीम और अन्य एक दो व्यक्तियों के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे तभी संदीप शाह दौड़ते हुए पहुंचे और बोले के उन पर फायरिंग की गई है। उन पर गोली चलाई गई है उनके पेट के पास से काफी ब्लड आ रहा था। फिर उन्हें सीएचसी में उपचार के लिए भेजा गया और जहां से डॉक्टर ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

# सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का मामला

### प्रशासन ने की पैमाइश, भारी पुलिस बल रहा तैनात, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, बेगमाबाद गांव में चल रहे कांप्लेक्स के निर्माण कार्य का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रशासनिक और नगरपालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश की। हंगामे की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर कांप्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग दस दिन पहले हिंदू युवा वाहिनी, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और हंगामा किया था। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस-प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। पुलिस ने किसी तरह पदाधिकारियों को शांत किया। इसके बाद एसडीएम ने दोनों पक्षों के साथ वार्ता कर निर्माण कार्य को रुकवा दिया और तत्काल जांच कमेटी का गठन किया। यह जांच कमेटी मौके पर पहुंची और जमीन की पैमाइश की। एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

# लोनी में सेक्स रैकेट पकड़ा गया

### 3 युवतियों को कराया गया रेस्क्यू, वॉट्सऐप पर लड़कियों की फोटो भेजकर बुलाते थे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, अंकुर विहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति पत्नी सहित 3 युवक और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सेक्स रैकेट में जबरन धकेली गई 3 महिलाओं को भी पुलिस ने रेस्क्यू किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में तुषार मित्तल, कृष्णा दुबे, अमर रावत और एक महिला शामिल है। इनके कब्जे से एक डायरी, क्यूआर कोड स्कैनर, मोबाइल फोन, आपत्तिजनक सामान, 2000 नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे नौकरी और पैसों का लालच देकर महिलाओं को इस धंधे में जबरन लाते थे। ग्राहकों से मोटी रकम वसूल कर महिलाओं को मामूली पैसे देकर बाकी रकम खुद रख लेते थे। रैकेट के सरगना ने पुलिस को बताया कि तकरीबन 3 महीने पहले ही हमने देह व्यापार का धंधा शुरू किया था ग्राहकों को वॉट्सऐप के जरिए युवतियों की फोटो भेजा करते थे। थाना अंकुर विहार में आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। इस गिरोह के नेटवर्क को लेकर भी पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

# तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी को मारी टक्कर

- 5 साल की बच्ची की मौत, पिता समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार 5 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी पर सवार बच्ची के पिता गुल मोहम्मद और उनके साथी राजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गुल मोहम्मद अपनी बेटी को चाइल्ड पीजीआई में दिखाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने कार सवार दोनों युवकों अभिषेक और यश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल गुल मोहम्मद और राजा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार बहुत तेज गति से आ रही थी और ड्राइवर ने स्कूटी को देखने के बावजूद ब्रेक नहीं लगाया। पुलिस अब कार चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। सीपी फर्स्ट नोएडा जोन, प्रवीन कुमार सिंह के मुताबिक, गुल मोहम्मद के भाई पीर मोहम्मद की शिकायत पर सेक्टर-20 थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी यश शर्मा ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज से बीबीए किया है और वही कार चला रहा था। अभिषेक, जो दिल्ली के एक कॉलेज से एमबीए प्रथम वर्ष का छात्र है, उसके साथ मौजूद था। मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि दोनों ने शराब पी रखी थी। इसलिए उनके खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। घटना के समय गुल मोहम्मद अपनी बेटी आयत और साले राजा के साथ स्कूटी पर थे। आयत के कान में तेज दर्द होने के कारण वे रात को उसे चाइल्ड पीजीआई की इमरजेंसी में लेकर गए थे। इलाज के बाद जब आयत की तबीयत में कुछ सुधार हुआ तो वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12:15 बजे बीएमडब्ल्यू कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। आयत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुल मोहम्मद और राजा घायल हो गए।

## ग्राम पंचायत गुढ़ा में वृहद गौ संरक्षण केंद्र का हुआ लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। मंगलवार को पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा 16 उच्चीकृत वृहद गौशालाओं का लखनऊ से वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक गुरसरांय की ग्राम पंचायत गुढ़ा में कार्यदायी संस्था UPCLDF द्वारा निर्मित वृहद गौशाला का सांकेतिक उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टीकाराम पटेल द्वारा फीता काट कर एवं गौ पूजन कर किया गया। मुख्य अतिथि के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी गुरसरांय प्रशान्त राजपूत, ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि गौ सेवा एक पुनीत कार्य है गाय को मात्र दूध का साधन मानना सबसे बड़ी भूल है। गाय के सम्पर्क में रहने मात्र से कई प्रकार के रोगों का जाने अनजाने क्षरण हो जाता है। इसीलिए गाय को माता का दर्जा दिया गया है। इस मौके पर उपेन्द्र तिवारी, भगवत नारायण चौबे, नरेंद्र कुमार चौबे, रविन्द्र पाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह परमार, देवी सिंह, दीपू राजा, वीरेंद्र सिंह, शिवकुमार गुप्ता, राधाचरण नामदेव, हरगोबिंद यादव, धर्मदास यादव, पंकज परिहार, नूरे खां, बाबू यादव, प्रशान्त राजा, रविन्द्र बुन्देला समेत कई ग्राम वासी मौजूद रहे।



## किशोर कुमार की जयंती पर 'एक शाम किशोर दा के नाम' कार्यक्रम का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। हिंदी सिनेमा जगत के लोकप्रिय गायक किशोर कुमार की 96वीं जयंती के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति द्वारा 'एक शाम किशोर दा के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष व आयोजक डॉ० संदीप सरावगी एवं संयोजक अभिनेता जीतू देवानंद द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया किशोर कुमार हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय और बहुमुखी कलाकार थे। उनका जन्म 4 अगस्त 1929 को मध्य प्रदेश के खंडवा में हुआ था, उनका असली नाम आभास कुमार गांगुली था। बचपन से ही किशोर दा को गाने का बहुत शौक था, लेकिन उन्होंने कभी औपचारिक संगीत शिक्षा नहीं ली। उन्होंने अपनी आवाज को खुद के प्रयास से निखारा और यही उनकी खासियत बनी। किशोर कुमार केवल गायक नहीं थे, वे एक संपूर्ण कलाकार थे गायक, अभिनेता, संगीतकार, लेखक, निमार्ता और निर्देशक। उनकी आवाज में जो जादू था, वह आज भी दिलों को छू जाता है। उनकी आवाज के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व भी उतना ही रोचक था। वे बेहद मस्तमौला, हंसमुख और बेबाक इंसान थे। उनकी 96वीं जयंती के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति द्वारा दीनदयाल सभागार में शाम 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं जिसमें कई कलाकारों द्वारा किशोर कुमार के गानों पर प्रस्तुति दी जायेगी। यह कार्यक्रम उस महान गायक को समर्पित है जिसने हिंदी सिनेमा जगत में गायन की नई परिभाषा रची। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर झांसी नगर निगम बिहारी लाल आर्य एवं विशिष्ट अतिथि ग्रुप में भानु सहाय उपस्थित रहेंगे, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जायेगी। इस कार्यक्रम में विशेष सम्मानित अतिथियों के रूप में निमार्ता, निर्देशक एवं लेखक राज शांडिल्य एवं प्रसिद्ध पार्श्व गायक एवं संगीतकार शैलेंद्र कुमार को भी आमंत्रित किया गया है जो कार्यक्रम में उपस्थित होकर मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इस अवसर पर गायक संदीप रॉय, अखलाक मकरानी पूर्व पार्षद, अनुज ठाकुर, संदीप नामदेव, सूरज प्रसाद वर्मा, राकेश अहिरवार, नीतेश राय, राज बाधवन, राजू सेन, मास्टर मुन्नालाल, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, राहुल रायकवार, महेंद्र रायकवार, बसंत गुप्ता, कमल मेहता, नेहा चौबे आदि उपस्थित रहे।



## गोलीकांड के खुलासे पर व्यापारियों ने एसपी को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

महोबा। थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत एक आटा चक्की संचालक के साथ, उसकी दुकान के बाहर, अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर लूट का प्रयास किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तत्काल कई पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना कबरई पुलिस ने संयुक्त रूप से त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीकों से जांच करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया ह्र घटना में संलिप्त अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार एवं अन्य साक्ष्य बरामद किए गए। इस सराहनीय सफलता पर मंगलवार को थाना कबरई क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। व्यापारी समुदाय ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं अपराध नियंत्रण के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए जनपद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के पीपरपुर थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का एक मामला सामने आया है। गांव की एक नाबालिग लड़की को अल्पसंख्यक समुदाय का युवक हैदर अली बहला-फुसलाकर हैदराबाद ले गया। वहां उसने लड़की पर धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाया।पीड़िता के भाई के अनुसार, एक महीना पहले हैदर अली उसकी नाबालिग बहन को प्रेम जाल में फंसाकर हैदराबाद ले गया था। आरोपी ने लड़की को किराए के कमरे में रखा। कुछ दिन बाद उसने मारपीट करते हुए धर्म परिवर्तन और निकाह के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया।परिजनों का कहना है कि आरोपी किशोरी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा और उसके साथ जबरदस्ती भी करता रहा। 10 जुलाई को जब हैदर अली कमरे में नहीं था, तब किशोरी वहां से भाग निकली। रास्ते में उसे एक व्यक्ति मिला, जिसने उसे घर पहुंचाया।घर पहुंचने पर पीड़िता की हालत काफी खराब थी। होश में आने के बाद उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा आज



अमन लेखनी समाचार

झांसी। श्री रुक्मणि रमण भगवान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में सपना गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की विशाल कलश यात्रा आज 30 जुलाई बुधवार को निकाली जाएगी यह जानकारी एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति के झांसी मंडल अध्यक्ष चरण सेवक प्रदीप यादव टांडा ने पत्रकारों के चर्चा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा 30 जुलाई से 5 अगस्त तक होगी। भागवत कथा का वर्णन कथा व्यास श्री यदुकुल नंदन सांवरिया सरकार द्वारा किया जाएगा।कलश यात्रा 30 जुलाई को सपना गार्डन से दोपहर 12:00 बजे निकाली जाएगी कथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सुनाई जाएगी। प्रदीप टांडा ने समस्त क्षेत्र वासियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। पत्रकार वार्ता में कथा व्यास श्री यदुकुल नंदन सांवरिया सरकार , मंसाराम यादव शास्त्री, मानवेंद्र कुशवाहा टांडा, राजेंद्र साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## आटा चक्की संचालक को गोली मार लूट की घटना को अंजाम देने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



महोबा। कबरई क्षेत्रान्तर्गत एक सप्ताह पूर्व आटा चक्की संचालक के साथ उसकी दुकान के बाहर गोली मारकर लूट का प्रयास किया गया था जिसके संबंध में थाना कबरई पर धारा 109(1)/309(5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु सतत प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया जिसमें घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी तथा थाना कबरई पुलिस के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा इस घटना के सफल अनावरण हेतु विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया व विभिन्न साक्ष्यों को संकलित किया गया मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष कबरई मय टीम द्वारा बंद पड़ी द्विवेदी क्रेशर गंज गाँव के पास घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त सोनू अहिरवार पुत्र बृजपाल उर्फ रामसिंह अहिरवार उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम धवारी थाना जुझारनगर, बारीगढ़ जनपद छतरपुर को पकड़ने का प्रयास किया गया, जिस पर अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। अभियुक्त द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया जिसे घेराबंदी कर मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा 32 बोर, 1 खोखा कारतूस व 1 जिन्दा कारतूस की बरामदगी कर इस घटना का सफल अनावरण किया गया है। अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर करने पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है इसके बाद उपचार अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी उपरांत जेल भेजा जाएगा।

## नाग पंचमी के अवसर पर विद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरी औंरा में नाग पंचमी के अवसर पर बच्चों की मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई विद्यालय की शिक्षिका मीनाक्षी दीक्षित की अगुवाई में हुई मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यालय की बेटियां अनम सकीना असिफा हुजैफा अरबिया आयरा अलीशा आदि ने प्रतिभाग किया जहां प्रतियोगिता में अनम ने प्रथम स्थान सकीना ने द्वितीय तथा असिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया शिक्षिका मीनाक्षी दीक्षित द्वारा छात्रों में कला कौशल की दक्षता को विकसित करने हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी जहां आयोजन के पश्चात शिक्षिका ने बताया कि समय-समय पर छात्राओं में आत्मविश्वास विद्यालय उपस्थिति ठहराव बढ़ाने एवं शिक्षण अभिरुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत ऐसे आयोजन बच्चों का मनोबल बढ़ाते हैं प्रतियोगिता के पश्चात सहायक अध्यापिका के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार उमराव ने सभी छात्रों को उपहार देकर पुरस्कृत किया इस मौके पर विद्यालय की अन्य शिक्षिका पूनम वर्मा मोनिका एवं अनुराधा समेत सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहें

## स्थानीय कलाकारों द्वारा ही रामलीला मंचन कराए जाने पर बैठक में दिया गया जोर

अमन लेखनी समाचार

महोबा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कुलपहाड़ नगर में रामलीला के आयोजन को लेकर समिति की एक बैठक अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश चौबे के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में समय से एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा ही रामलीला मंचन कराए जाने पर जोर दिया गया है। कुलपहाड़ नगर के रामलीला मैदान में वर्षों से रामलीला का आयोजन होता चला रहा है और इस वर्ष भी रामलीला के आयोजन को लेकर समिति की एक बैठक में रूप रेखा तैयार कर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में कहा गया है कि रामलीला का मंचन समय से प्रारंभ कराया जाए। इसमें स्थानीय एवं पुराने कलाकारों के माध्यम से रामलीला मंचन कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि मंचन के समय अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस बैठक में मृदुल चौबे, जागेश्वर प्रसाद, राजेश चौबे, चन्द्र नारायण द्विवेदी, अनुज पाठक, जानकी लल्ला, देवेंद्र कुमार, संतोष चतुवेर्दी, संतोष सुल्लेरे, धर्मेंद्र सोनी, दिनेश विश्वकर्मा, केशव दास तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों का हाथ मिलवाकर उनका उत्साह वर्धन करते सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।नागपंचमी के शुभ अवसर पर हमीरपुर मुख्यालय के पातालेश्वर मंदिर में वर्षों से चली आ रही परंपरा हुआ दंगल का आयोजन जिसका पूजन पारिवारिक परम्परा के अनुसार सत्यप्रकाश मिश्रा जी द्वारा किया गया पहलवानों को हाथ मिलवाकर सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर द्वारा पहलवानों की कुश्ती की शुरूवात कराई गई इस अवसर पर मोहाल के बबलू द्विवेदी, रामदत्त पाठक, अहिवरन सेंगर, शशिशंकर त्रिपाठी, दिनेश गौर, एवं मोहाल के सभी सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 14 दिवसीय सॉफ्ट टॉय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

अमन लेखनी समाचार




महोबा। इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 14 दिवसीय सॉफ्ट टॉय बनना प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन के अवसर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधन व व्यावसाय संबंधित जानकारी, मार्गदर्शन, हौसला उत्साहवर्धन कर सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया।अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय से समीक्षा ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया एवं आवाहन किया कि आप लोग प्रशिक्षण के उपरान्त उचित राशि ऋण लेकर स्व-व्यवसाय करें व आत्म निर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा से जुडें। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रामकुमार वर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध हैं। महिलाएं सॉफ्ट टॉय का कार्य करके कार्य का प्रचार, संलग्नता, लक्ष्य निर्घारण से प्रेरित होकर कार्य सम्पादित करना उद्देश्य की पवित्रता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरणा दी । समापन समारोह में एसेसर रामकुमार वर्मा एवं विनय कुमार सिंह द्वारा प्रेरित उद्बोदन किया गया व प्रशिक्षण द्वारा अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन भी किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य अरूण कुमार उपाध्याय ने कहा कि आरसेटी द्वारा अगले माह से मोबाईल रिपेयरिंग, डेयरी फार्मिंग एवं बर्मी कम्पोस्टिंग, मुर्गी पालन, सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम आदि निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाएगे, अतः 18 वर्ष से 45 वर्ष के युवक एवं युवतियां अधिक से अधिक आवेदन कर इन कार्यक्रमों का लाभ उठायें। इस अवसर संस्थान के संकाय सदस्य कु0 दीपा रैकवार, कार्यालय सहायक अशोक साहु एवं राहुल कुमार गुप्ता ,व कर्मचारी सुरेन्द्र भूषण, शिव कुमार पाल सहित अनेक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## लल्लू खां मेमोरियल कुश्ती प्रतियोगिता इस बार भी बनी हिंदू मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल

अमन लेखनी समाचार

महोबा। शहर के भटीपुरा मोहल्ले में नागपंचमी पर्व के अवसर पर आयोजित लल्लू खां मेमोरियल कुश्ती प्रतियोगिता इस बार भी हिंदू-मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल बनी। महोबा केसरी असलम पहलवान की सरपरस्ती में पिछले 41 वर्षों से यह प्रतियोगिता हर साल पारंपरिक रूप से नागपंचमी के दिन आयोजित की जाती है। मिट्टी के अखाड़े में जब पहलवानों ने दांव-पेच दिखाए तो वहां मौजूद सैकड़ों दर्शक रोमांच से भर उठे।इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें हिंदू और मुस्लिम समाज के दो दर्जन से अधिक नवयुवक पहलवानों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लखनऊ से आए धीरेंद्र विक्रम जैसे युवा भी मुस्लिम उस्ताद असलम पहलवान से कुश्ती की बारीकियां सीख रहे हैं। वह बताते हैं कि यहां धर्म नहीं, सिर्फ मेहनत और खेल की बात होती है। इस परंपरा की खास बात यह है कि यह सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बन चुका है। हिंदू और मुस्लिम पहलवान यहां साथ अभ्यास करते हैं, साथ लड़ते हैं और जीत के लिए एक-दूसरे का हौसला भी बढ़ाते हैं। हालांकि, इस अखाड़े की समस्याएं भी कम नहीं हैं। बारिश के मौसम में अखाड़े में पानी भर जाता है और आने-जाने का कच्चा रास्ता भी अभ्यास में बाधा बनता है। पहलवानों ने शासन-प्रशासन से अखाड़े की बाउंड्री, बारिश से बचाव और पक्के रास्ते की मांग की है। प्रतियोगिता में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शोभालाल यादव और नगर अध्यक्ष रोशन अली बतौर अतिथि पहुंचे और आयोजन की सराहना की। शोभालाल यादव ने कहा कि असलम पहलवान ने जिले का नाम रोशन किया है और अब वह आने वाली पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं। रोशन अली ने इसे भाईचारे और परंपरा को जीवित रखने वाला आयोजन बताया।महोबा केशरी असलम पहलवान बताते है कि यहां से कई पहलवान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती लड़ चुके हैं, कुछ तो ओलंपिक तक पहुंचे हैं, मगर अब तक शासन से कोई सहायता नहीं मिली है। इसके बावजूद भी यह अखाड़ा आज भी परंपरा, खेल और एकता का प्रतीक बना हुआ है

## डीएम ने बाउंड्री वॉल टूटी होने पर कार्यदायी संस्था को बनवाने के लिए किया निर्देशित

अमन लेखनी समाचार



महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मंगलवार को राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, चरखारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम कंप्यूटर लैब, भौतिक लैब, टैब लैब, केमिस्ट्री लैब, बायो लैब, रसोई घर, हॉस्टल रूम, स्कूल से बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता आदि का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में गंदगी पाई जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य संतोष श्रीवास को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।लाइब्रेरी में खराब पड़ी कुर्सियों को कंडम करने के लिए निर्देशित किया तथा खिड़कियों पर जाली लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बाउंड्री वॉल टूटी होने पर जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने रसोई घर में सामान को लकड़ी के बॉक्स में व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नें प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों के लिए प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा बच्चों को डाइट के अनुसार ही खाना उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लैबों एवं लाइब्रेरी को सुचारु रूप से संचालित किया जाये एवं बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।

## सुलतानपुर रेलवे स्टेशन पर भटकती मिलीं दो बच्चियां

### GRP पुलिस ने सूझबूझ से परिवार से मिलाया, लखनऊ की थी रहने वाली

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार दोपहर आपरेशन मुस्कान के तहत दो भटकती हुई बच्चियों को उनके परिवार से मिलाने में पुलिस सफल रही। पुलिस अधीक्षक रेलवे रोहित मिश्रा के निर्देशन और पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम अमित सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।दोपहर लगभग 12 बजे प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात उप-निरीक्षक सूरज कुमार कनौजिया, हेड कांस्टेबल विजय गौतम और महिला कांस्टेबल नीतू वर्मा को 14 वर्ष और 8 वर्ष की दो बच्चियां अकेली और गुमशुम अवस्था में भटकती मिलीं। पूछताछ पर बच्चियों ने अपना निवास लखनऊ बताया।पुलिस टीम ने बच्चियों को थाने की महिला हेल्प डेस्क में सम्मानपूर्वक बैठाकर जलपान और भोजन कराया। C-PLAN ऐप की सहायता से बच्चियों के परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलने पर बच्चियों के चाचा प्रदीप कुमार निगम, जो आलमनगर, थाना ताल कटोरा, लखनऊ के निवासी हैं, चाची और अन्य परिवारजन संदीप उपाध्याय के साथ थाने पहुंचे।पुलिस ने दोनों बच्चियों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चियों के परिवार ने जीआरपी सुलतानपुर के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह कार्रवाई आपरेशन मुस्कान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य गुमशुदा और भटके हुए बच्चों को उनके परिवारों से मिलाना है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

# सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा

मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

## स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद



आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

## समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता



है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

## तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है।

# बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश

सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।



**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

# बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया

श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा।

(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

# प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड

श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।



**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।



**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है।

(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन

ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?

**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।



- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है।

(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)